


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 253- ● जबलपुर ● शनिवार, 16 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

## आईपीएल विजेता धोनी की टीम को 20 करोड़ का इनाम

**दुबई ।** महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर आईपीएल चैंपियन बन गई। शुक्रवार रात यूएई में खेले गए फाइनल में सीएसके ने केकेआर को 27 रनों से मात दी। चेन्नई ने ट्राफी पर कब्जा किया, वहीं सबसे ज्यादा 20 करोड़ रुपए की इनामी राशि भी हासिल की। केकेआर को 12.5 करोड़ से संतोष करना पड़ा। नीचे देखिए किस टीम को कितने रुपए की इनामी राशि मिली। इसके साथ ही सबसे ज्यादा रन बनाने (ऑरेंज कैप), सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले (पर्पल कैप), सर्वश्रेष्ठ कैच के पुरस्कारों की घोषणा भी कर दी गई। ऑरेंज कैप पर ऋतुराज गायकवाड़ ने कब्जा जमाया। उन्होंने आईपीएल 2021 में 16 मैच खेले और 635 रन बनाए। इस दौरान 1 शतक और 4 अर्द्धशतक भी लगाए। हर्षल पटेल को पर्पल कैप मिली है। हर्षल पटेल ने आईपीएल 2021 में दमदार गेंदबाजी करते हुए 15 मैचों में कुल 32 विकेट लिए थे। **देखें खेल पेज भी**

# सोनिया की विरोधियों को खरी-खरी, मैं ही हूं अध्यक्ष

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, राहुल गांधी, अशोक गहलोत, आनंद शर्मा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के स्थाई अध्यक्ष पद को लेकर चल रही बहस पर फिलहाल सोनिया गांधी ने विराम लगा दिया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने साफ किया कि वह ही कांग्रेस की स्थायी अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर मामले को गंभीरता से सुना और सुलझाया है। मीडिया के जरिए उनसे बात करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर विशेषतौर पर युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। चाहें वह किसानों का मुद्दा हो, महामारी के दौरान राहत पहुंचाना हो या फिर युवाओं व महिलाओं का मुद्दा हो। लखीमपुर हिंसा पर उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है।

### 52 नेता हैं मौजूद

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक जारी है। इस बैठक में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, आनंद शर्मा समेत पार्टी के 52 वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बैठक में वर्तमान राजनीतिक स्थिति, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी।




### दिग्विजय सिंह व मनमोहन सिंह समेत पांच नेता नदारत

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में 52 वरिष्ठ नेता हिस्सा ले रहे हैं तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अलावा वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह समेत पांच अन्य नेता बैठक का हिस्सा नहीं हैं।

पिछले दिनों कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाने की मांग की थी। यहां तक कि कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल और गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई जाए और पार्टी के संगठनात्मक चुनाव और आतंरिक मामलों पर चर्चा की जाए। कांग्रेस में स्थाई पार्टी अध्यक्ष का न होना उसके लिए परेशानी की वजह बन रहा है। पार्टी के अंदर ही इसको लेकर विरोध के शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने तो यहां तक कह दिया था कि पार्टी का कोई अध्यक्ष नहीं हैं। फैसले कौन ले रहा है, मालूम नहीं है। हालफिलहाल सोनिया गांधी पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष हैं। राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद उन्होंने अध्यक्ष का पदभार संभाला था, लेकिन स्थाई अध्यक्ष की मांग पार्टी ही नहीं पार्टी के बाहर भी होने लगी है।

### सितंबर 2022 में हो सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद एक बड़ी खबर सामने आ रही है।सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष का चुनाव सितंबर 2022 में हो सकता है। हालांकि अभी इसका आधिकारिक एलान होना बाकी है।

## NCB पर भड़के उधव ठाकरे कहा- सेलेब्रिटी को पकड़ते और फोटो खिंचवाते हैं



**मुंबई ।** फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की ड्रग्स केस में गिरफ्तारी को लेकर अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी एनसीबी पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दशहरा रैली में कई मुद्दों पर पर बात करते हुए कहा कि एनसीबी सेलिब्रिटी को निशाना बना रही है। ठाकरे ने आर्यन खान का नाम लिए बगैर कहा किएनसीबी ड्रग्स मामले के बहाने महाराष्ट्र को बदनाम करने की साजिश है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह एक सेलिब्रिटी को पकड़ते हैं और तस्वीरें खींचकर ड्रम बजाते हैं। हमारी पुलिस काम करती है, लेकिन खबर ये है कि जमानत मिली या नहीं। सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि यहां गांजा की एक चिमटी के बात है और मुंबई पुलिस ने करोड़ों की दवाएं बरामद की हैं। उद्धव ठाकरे ने साथ ही यह भी कहा कि महाराष्ट्र में घर के आंगन में तुलसी लगाने की संस्कृति है, लेकिन इसे ऐसे दिखाया जा रहा है जैसे पूरे महाराष्ट्र में भांग लगाई जा रही हो।

# रायपुर रेलवे स्टेशन पर धमाका

## शिफ्टिंग में डेटोनेटर फटा, 4 सीआरपीएफ जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में धमाका होने से सीआरपीएफ के 4 जवान घायल हो गए हैं। शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर फटने की सूचना मिली है। जवान जम्मू जाने वाले थे, 4 घायलों में से एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्लेटफार्म नबंर 2 पर डेटोनेटर गिरने से विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक डेटोनेटर शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर गिर जाने से यह हादसा शनिवार सुबह हुआ है। फिलहाल सभी घायल जवानों का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वहीं एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। रेलवे के अधिकारियों की पुष्टि से पहले छह जवानों के घायल होने की सूचना मिली थी। लेकिन रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार सुबह 6.30 बजे झारसुगुड़ा से जम्मू तवी जा रही सीआरपीएफ की स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी थी जिसमें तीन कंपनी की शिफ्टिंग हो रही थी, सामान लोडिंग के दौरान इगनाइटर सेट और एसडी कार्तिज जो की ट्यूब



लान्चिंग में यूज होता है, इसी का एक बाक्स लोडिंग के दौरान स्पेशल ट्रेन के बोगी नंबर नौ के गेट के पास हाथ से छूट गया। इससे छोटा ब्लास्ट हुआ, जिससे 4 जवान घायल हुए थे, जिनमें से एक हेड कांस्टेबल चवन विकास लक्ष्मण को नारायणा हास्पिटल में भर्ती किया गया है। भर्ती जवान महाराष्ट्र, सतारा का रहने वाला है। अभी जवान का आपरेशन चल रहा है। घायल जवानों में चवन विकास लक्ष्मण, रमेश लाल, रविंद्र कर, सुशील शामिल हैं।

### पत्थलगांव हादसे के विरोध में बंद

**जशपुर नगर।** पत्थलगांव में शुक्रवार को विजय दशमी दशहरा की धार्मिक जुलूस के दौरान हुए भीषण हादसे के बाद पत्थलगांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक गौरव अग्रवाल का अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। इस बीच मृतक के स्वजनों को एक करोड़ और घायलों को 25.25 लाख मुआवजा की मांग को लेकर भाजपा के आह्वान पर बन्द का जिले में असर दिख रहा है। इस बीच मामले को लेकर भाजपा के आला नेता प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला कर रहे हैं। पूर्व मुख्य मंत्री डा रमन सिंह ने जारी किए गए बयान में एसपी को तत्काल हटाये जाने की मांग की है।पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने इसे शासन और प्रशासन की विफलता बताया है। उधर सीएम भूपेश बघेल ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रूपये देने की ऐलान किया है।

### कांग्रेस ने की प्रज्ञा की जमानत रद्द करने की मांग

## दशहरे के मंच से प्रज्ञा ठाकुर के विवादित बोल, पीसी शर्मा ने छोड़ा मंच



**भोपाल।** अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने हाल में एक बार फिर ऐसा बयान दिया, जिस पर विवाद उठ गया है। मौका था राजधानी के मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के मैदान पर दशहरा पर्व पर श्रीजी सांस्कृतिक महोत्सव समिति की ओर से रावण दहन कार्यक्रम का, जहां वे शिरकत करने पहुंची थीं। यहां पर कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक कांग्रेसी विधायक ने मेरे बीमार होने पर शहर भर में गायब होने के पोस्टर लगवा दिए। कांग्रेस के विधायक खुद ही अपनी-अपनी विधानसभा में नहीं दिखते हैं। यह सुनकर कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा मंच से उठकर चले गए। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में अब पीसी शर्मा ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जमानत रद करने की भी मांग की है। इस वीडियो में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर कहती दिखाई दे रही हैं कि हम पीड़ित दूसरों की पीड़ा से भी होते हैं। इसलिए हम नहीं पूछेंगे, क्योंकि वे बीमार हैं। किसी को भी मानवीयता नहीं खोनी चाहिए। संवेदना मत भूलो। पशु भी अपने बच्चे के मरने पर संवेदनशील हो जाता है। यह तो पशु से भी गए बीते हैं।

### फटाफट खबरें



## सीएम शिवराज का आज खंडवा दौरा

**खंडवा।** खंडवा लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को खंडवा, बुरहानपुर और देवास जिलों में तीन स्थानों पर आम सभा लेंगे। वह भोपाल से हेलीकाप्टर से रवाना होकर बुरहानपुर जिले के फोफनार में पहली आमसभा लेंगे। इसके बाद कालमुखी में भी सभा को संबोधित करेंगे। सभा के बाद स्थानीय कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री शामिल होकर आम लोगों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद कार से क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में दौरा का लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

## राहुल द्रविड़ हेड कोच बनने को तैयार



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और नेशनल क्रिकेट अकेडमी के डायरेक्टर राहुल द्रविड़ भारत के अगले कोच होंगे। इसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से की है। जानकारी के मुताबिक, द्रविड़ बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से बातचीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच का रोल निभाने को तैयार हो गए हैं। यह बातचीत शुक्रवार रात को आईपीएल फाइनल के दौरान हुई।

### आतंकी गुटों के मौजूद होने की आशंका के बाद अलर्ट जारी

## आतंकियों के मददगार? कहां से आ रहा खाना

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राजोरी और पुंछ में आतंकी गुटों के मौजूद होने की आशंका के बाद अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें खुफिया एजेंसियों ने स्थानीय एजेंसियों और सुरक्षाबलों को बेहद सतर्क रहने को कहा गया है। यह सुरक्षा अलर्ट ऐसे समय जारी किया गया है जब डेरा की गली के घने जगलों में बड़े पैमाने पर आतंक विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा हाई अलर्ट पर कर दी गई है। आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी की जा रही



है। ग्रुप के बारे में अभी कोई स्थिति साफ नहीं हो पाई है। आतंकियों के दो अलग.अलग स्थानों पर मौजूदगी का पता चला है। घने जगलों में सोमवार और गुरुवार को दो हमलों में एक जेसीओ समेत सात जवान शहीद हुए हैं। आतंकियों की मौजूदगी और घात लगाकर हुए हमलों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जैसे. क्या पुंछ में हैं आतंकियों के मददगारघ्‍ कहां से आ रहा है आतंकियों का खाना बिना स्थानीय सहयोग के ऐसा संभव कैसे? यह जानने में सुरक्षाबल जुटे हैं।

## छत में सुराग कर अचानक बिस्तर पर गिरा उल्कापिंड, बाल बाल बची महिला



**ब्रिटिश कोलंबिया।** यहां बीते दिल एक अजीब आकाशीय घटना देखने को मिली है। यहां आधी रात को जब एक महिला अपने घर में सोई हुई थी, तब अचानक एक उल्कापिंड छत में सुराग करते हुए दहकते हुए बिस्तर पर आ गिरा। इस घटना में महिला बाल-बाल बच गई। उल्का पिंड महिला के चेहरे से कुछ ही दूरी पर गिरा था। मिली जानकारी के मुताबिक आधी रात को ब्रिटिश कोलंबिया में रहने वाली रुथ हैमिल्टन की नींद हल्के धमाके की आवाज के साथ खुली। महिला को इस बार का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उल्कापिंड घर की छत को तोड़कर बिस्तर पर गिरेगा। उन्होंने देखा कि छत में एक सुराग दिखाई दे रहा था। हैमिल्टन ने तुरंत आपातकालीन नंबर पर कॉल करके जानकारी दी। उसके बाद उन्हें जो पता चला, वह किसी आश्चर्य से कम नहीं था। ब्रिटिश कोलंबिया में रहने वाली रुथ हैमिल्टन के यहां यह घटना हुई है। उनके बिस्तर पर ठीक तकिए के पास एक उल्कापिंड गिरा था। यह घटना 3 अक्टूबर की है। उस घटना को याद कर है मिल्टन सिहर उठती हैं। यूनिवर्सिटी आफ वेस्टर्न ओंटारियो के प्रोफेसर पीटर ब्राउन ने पुष्टि करते हुए कहा कि हैमिल्टन के बिस्तर पर उल्का पिंड ही गिरा था।

## रीवा में गिरफ्तार युवक हथकड़ी सहित फरार



**रीवा।** जिले के रामपुर कर्चुलियान थाना से एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार युवक हथकड़ी लेकर भाग गया है। यह घटना उस समय की है जब थाना में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव मौजूद रहे। पुलिस की लापरवाही से हथकड़ी लेकर एनडीपीएस एक्ट का आरोपित भाग निकला। बताया जाता है कि एसपी नवनीत भसीन के निर्देशन में कल पुलिस हेल्पलाइन की सूचना पर बुड़िया गांव के एक पुल के पास मारुति कार युवक अंकित सिंह को नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद रात भर थाना में आरोपित बैठा रहा। जिसे हथकड़ी भी लगाई गई थी। सुबह थाना प्रभारी के रहते थाना में आरोपित हथकड़ी के साथ भाग निकला।

## रिकॉर्ड स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें

### आज फिर 35 पैसे प्रतिलीटर तक बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज फिर पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी हुई है। आज डीजल के दाम 33 से 37 पैसे तो वहीं पेट्रोल के दाम 30 से 34 पैसे बढ़ें हैं। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। कई राज्यों में इसके दाम 100 रुपये से ऊपर पहुंच चुके हैं। देश में रोजाना बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम आम आदमी की आमदनी पर असर डाल रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की यह बढ़ी हुई कीमतें हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही हैं। दिल्ली




में पेट्रोल का दाम 105.49 रुपये जबकि डीजल का दाम 93.22 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 111.43 रुपये व डीजल की कीमत 102.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.10 रुपये जबकि डीजल का दाम 97.33 रुपये लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.70 रुपये लीटर है तो डीजल 98.59 रुपये लीटर है।

#### जानें प्रमुख महानगरों में कितनी है कीमत

| शहर | डीजल | पेट्रोल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 94.22 | 105.49 |
| मुंबई | 102.15 | 111.43 |
| कोलकाता | 97.33 | 106.10 |
| चेन्नई | 98.59 | 102.70 |

(पेट्रोल-डीजल की कीमत रुपये प्रति लीटर में है।)

## दिल्ली के 500 कर्मियों को सुरक्षा कर्तव्यों से किया मुक्त



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के निर्देश पर दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने पुलिस खेमे में कई तरह की सुधारात्मक कार्रवाई की है। इसके तहत मंत्रालय के परामर्श से किए गए दिल्ली पुलिस का ऑडिट किया गया। सिक्योरिटी ऑडिट में यह पाया गया कि दिल्ली पुलिस के कुछ सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों के पास हर समय के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी हैं। इनका काम न केवल अधिकारियों बल्कि उनकी पत्नियों और बड़े हो चुके बच्चों की भी सुरक्षा करना है। कुछ पुलिस अधिकारियों को तो बिना किसी खतरे का आकलन किए सुरक्षा प्रदान की गई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस के 500 से अधिक कर्मियों को सुरक्षा कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।

## अंतिम अभिनय राम के वियोग में चली गई दशरथ की जान

**बिजनौर।** यूपी में बिजनौर जिले के गांव हसनपुर में चल रही रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के वनवास जाने पर वियोग में सच में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। जी हां वनवास गए श्रीराम को वापस लेने गए सुमंत श्रीराम को साथ लिए बिना लौटे तो वियोग में दो बार राम-राम कहते हुए राजा दशरथ का पात्र निभा रहे राजेंद्र सिंह (62) जमीन पर गिर पड़े। उनके इस अभिनय पर खूब तालियां बजीं। पर्दा गिरा तो साथी कलाकारों ने राजेंद्र सिंह को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह सच में प्राण त्याग चुके थे। घटना से गांव क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामलीला का मंचन स्थगित कर दिया गया। माना जा रहा है कि हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। गांव हसनपुर निवासी आदेश ने बताया कि उनके गांव में प्रति वर्ष सप्तमी से दशहरा तक चार दिन तक स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण के विशेष प्रसंगों का मंचन किया जाता है। रामलीला मंचन में उसके चाचा पूर्व में प्रधान रहे राजेन्द्र सिंह बीते 20 वर्षों से राजा दशरथ का अभिनय करते आ रहे थे। इस वर्ष भी मंगलवार 12 अक्तूबर



को मंचन का शुभारंभ किया गया था। बृहस्पतिवार रात राम बनवास का मंचन चल रहा था। मंचन के दौरान पिता की आज्ञा से राम, सीता व लक्ष्मण वन चले गए। राजा दशरथ ने महामंत्री सुमंत को इस आशा के साथ भेज दिया था कि वो उन्हें वन दिखाकर वापस ले आएं। सुमंत को राम के बगैर आता देख राजा दशरथ भावुक हो गए। भगवान श्रीराम के वियोग में राम-राम चिल्लाने लगे। दो बार राम-राम कहते हुए दशरथ का अभिनय कर रहे राजेंद्र सिंह अचानक मंच पर गिर गए। सभी यही समझते रहे कि राजेंद्र सिंह ने जीवंत अभिनय किया और उन्होंने मंचन में प्राण त्याग दिए। पर्दा गिरा तो दर्शक राजेंद्र सिंह के अभिनय पर तालियां बजा रहे थे। वहीं पर्दे के पीछे साथी कलाकारों दिग्विजय सिंह, सोनू कुमार, हैप्पी आदि ने उन्हें उठाने का प्रयास किया, लेकिन राजेंद्र सिंह ने सच में प्राण त्याग दिए थे। माना जा रहा है कि हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन- 9826115492, 9200792000

# हे मां भवानी कभी शस्त्र निकालने की नौबत न आए





## पुलिस लाइन में शस्त्र, वाहन पूजन

**जबलपुर,यशभारत। विजय दशमी पर शुक्रवार को जबलपुर पुलिस लाइन में शस्त्रपूजन हुआ। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने सहित सभी एएसपी ने मां काली का पूजन किया और फिर प्रतीकात्मक बलि देकर शस्त्र फायर कर हर्ष प्रकट किया। इस मौके पर आईजी उमेश जोगा और कलेक्टर कर्मवीर शर्मा भी पहुंचे थे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने-अपने वाहनों का भी पूजन किया।**

लाइन के शस्त्रागार में रखे गए सारे असलहों को लाकर रखा गया। एके-47, इंसास, पिस्टल, रिवाल्वर आदि को करीने से सजा कर रखा गया। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ पूजन शुरू हुआ। फिर हवन-आरती के साथ पूजन संपन्न हुआ। आईजी उमेश जोगा, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, एएसपी रोहित काशवानी, एएसपी शिवेश सिंह बघेल, एएसपी संजय अग्रवाल, एएसपी गोपाल खांडेल, डीएसपी मयंक सिंह, आरआई सौरव तिवारी शामिल हुए।

### परंपरा के तौर पर फायर

एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने परंपरा के तौर पर फायर किया। आईजी उमेश जोगा और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने कहा कि मां भवानी से प्रार्थना किया कि पूजन में जो असलहे निकाले गए, साल भर कभी इसकी नौबत न आए। जिले में अमन-चैन और प्रेम सद्भवाना बना रहे। इसके बाद वाहनों का पूजन किया गया। सभी वाहनों को सजाया गया था। इस दौरान लाइन के बैंड ग्रुप ने देवी धुन प्रस्तुत किए।



फोटो- अशोक बर्मन



### गोविंदगंज में श्रीराम के तीर से मिली दसानन को मुक्ति

## हर्षोल्लास से मना बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा, धूं-धूं कर जला रावण

**जबलपुर।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व 'दशहरा' शुक्रवार को हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की गली-गली में बच्चों ने रावण के पुतले फूंके। शुक्रवार की दरमयानी रात भी नगर की सड़कों पर मातारानी के दर्शन के लिए लोग सपरिवार निकले। गोविंदगंज रामलीला में श्रीराम का तीर छूटते ही रावण का पुतला धू-धू कर जलने लगा। रामलीला समिति का यह 157वां आयोजन था।तीन फीट ऊंचे रावण के पुतले को देखने के लिए शाम से ही लोग पहुंचने लगे थे। रात में बग्घी में भगवान बग्घी में आए और रावण को ललकारा दोनों तरफ से संवाद हुआ और फिर तीरों की वर्षा हुई। इसके बाद राम तीर मारकर कर रावण मुक्ति दी। शहर में एकमात्र रावण का तीस फीट का पुतला गोविंदगंज रामलीला में बनाया गया था। अन्य रामलीला समितियों ने कोरोना के कारण रावण दहन नहीं किया।

### मंदिर से आया भगवान का रथ

रावण का वध करने के लिए कटरा वाले महावीर स्वामी मंदिर स्थित रामलीला भवन से भगवान श्रीराम, अनुज लक्ष्मण और बजरंगी हनुमान बग्घी पर सवार होकर बाजे-गाजे के साथ आयोजन स्थल पर पहुचें। यहां छोटे फुहारा के पास स्व. ओंकार तिवारी गद्दी के पास मंच बनाया गया था। जहां भगवान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आकर्षक रंगारंग आतिशबाजी भी की गई। रामलीला समिति के अध?यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रावण का पुतला एक पखवाड़े से बनाया जा रहा था। इसके निर्माण में कई क्विंटल कागज, पुट्ठा और बांस की कमटी का उपयोग किया गया। पहले इलाहाबाद के कलाकार यहां आकर रावण बनाते थे। अब स्थानीय कलाकारों द्वारा ही रावण का पुतला तैयार किया जाता है।

### लोग लेते रहे सेल्फी

जहां पुतला रखा गया था वहां लोग मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे। कई लोग वीडियो कॉल के जरिये दूर रहने वाले अपने रिश्तेदारों को लाइव दृश्य दिखा रहे थे।



## 24 अक्टूबर को करवा चौथ

**जबलपुर।** कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। वह चांद देखकर व्रत का पारण करती हैं। इस वर्ष करवा चौथ का त्योहार 24 अक्टूबर रविवार को है। करवाचौथ को करक चतुर्थी और दशरथ चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है।ज्योतिषार्य के अनुसार इस साल करवा चौथ पर रात 11.35 मिनट तक वरियान योग रहेगा। इस योग में सभी कार्य सफल होते हैं। इसके बाद रात रात 01 बजकर 02 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र रहेगा। आइए जानते हैं करवा चौथ का शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।

### करवा चौथा का शुभ मुहूर्त

चतुर्थी तिथि आरंभ - 24 अक्टूबर तड़के 03 बजकर 2 मिनट से शुरूचतुर्थी तिथि समाप्त - 25 अक्टूबर सुबह 05 बजकर 43 मिनट तकचंद्रोदय - शाम 07 बजकर 51 मिनट

### करवा चौथा की पूजा विधि

करवा चौथ के दिन घर के उत्तर-पूर्व दिशा के कोने को अच्छे से साफ करें। फिर लकड़ी का पाट बिछाकर उस पर भगवान शिव, मां गौरी और गणेशी की प्रतिमा या चित्र रखें। उत्तर दिशा में एक जल से भरा लोटा या कलश स्थापित करना चाहिए। उसमें थोड़े से चावल डाले। अब उस पर रोली, चावल का टीका और लोटे की गर्दन पर मौली बांधे। इस प्रकार कलश की स्थापना के बाद माता गौरी की पूजा करनी चाहिए। उन्हें सिंदूर चढ़ाना चाहिए। करवा चौथ के दिन शक्कर से बने करवे की पूजन का काफी महत्व है। चार पूड़ी और चार लड्डू तीन अलग जगह लेकर एक हिस्से को पानी वाले कलश के ऊपर रखें। दूसरे हिस्से को चीनी के करवे पर रखें और तीसरे हिस्से को पूजा के समय औरतें अपनी साड़ी या चुनरी के पल्ले में बांध लें। अब मां देवी के सामने घी का दीपक जलाकर कथा पढ़ें। पूजा के बाद साड़ी के पल्ले में रखे प्रसाद और करवे पर रखे प्रसाद को अपने पुत्र या पति को खिलाएं। वह कलश पर रखे प्रसाद को गाय को खिला दें। पानी से भरे कलश को पूजा स्थल पर रहने दें। रात को चंद्रमा दिखने पर इसी लोटे के पानी से चांद को अर्घ्य दें। वह व्रत का पारण करें।

## जबलपुर में बारिश के आसार

**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को दक्षिणी ओडीशा और उत्तर आंध्र कोस्ट के मध्य में पहुंच गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस सिस्टम के असर से शनिवार को जबलपुर, शहडोल,होशंगाबाद संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के के अनुसार बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य रहा। वहीं आज न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्रीसे. अधिक रहा। मौसम साफ होने के बाद वातावरण में ठंड बढ़ने के भी आसार हैं। सुबह के समय ठंड का अहसास हो रहा है। दिन में भी सूरज की तल्खी कम हुई है, जिससे काफी राहत है। अब दिन व रात में कूलर व एसी चलाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। चार दिन पहले शहर भीषण गर्मी का सामना कर रहा था।





## सिंदूर खैला में सिंदूर संग, बंग महिलाओं ने दी मां को विदाई

जबलपुर, यशभारत । जगतजननी मां दुर्गा की आराधना का उत्सव नवरात्र पर नौ दिनों तक उत्साह और भक्ति के माहौल के बाद विजयदशमी या दशहरे का उल्लास भी चारों ओर देखने मिला। बंगाली समाज में दुर्गा पूजा के अंतिम दिन सिंदूर खैला का भव्य आयोजन किया गया। सिटी बंगाली क्लब्र डीवीक्लब आदि में बंग महिलाओं सिंदूर खैला में अपूर्व उत्साह देखा गया। शहर के सिटी बंगाली क्लब में। जहां सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के अंतर्गत आयोजित दुर्गा पूजा के अंतिम दिन बंग महिलाएं सिंदूर खैला का आयोजन किया। बंग समाज में परंपरानुसार दशहरा या दशमी पर बंग समाज की महिलाओं लाल किनार की सफेद साड़ी संग श्रृंगार कर मां दुर्गा का पूजन किया। सुबह से दशमी पूजा और अंजलि के बाद सिंदूर उत्सव या सिंदूर खैला की शुरुआत हुई जहां महिलाओं ने मां दुर्गा को पहले सिंदूर अर्पित किया और बाद में सुहागन महिलाओं ने एक-

**मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित पर सुहागन महिलाओं ने एक- दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख-सौभाग्य की कामना की**

दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख-सौभाग्य की कामना की। ऐसी मान्यता है कि माता का यह सिंदूर लगाने से सुहाग बना रहता है। परिवार कें सुख-संपन्नता आती है। सिंदूर को मां का आशीर्वाद माना जाता है। रूपाली बैनर्जी ने बताया कि बंग समाज में दशहरा का उत्सव महिलाएं मनाती हैं। दशहरा जुलूस के साथ भी महिलाएं पारंपरिक परिधान में तैयार होकर मां को विदाई देती है। ढाक-धुनुचि के संग नृत्य करती हुई महिलाएं खुशी-खुशी मां को यह कहकर विदा करती हैं कि जैसे इस बार अच्छे से आई मां ठीक उसी तरह ढेरों खुशियां लेकर अगले वर्ष भी आएं। नंदिनी मुखर्जी ने बताया कि बंग समाज में सिंदूर उत्सव का इंतजार सभी सुहागन महिलाओं को रहता है। यह एक तरह से मां का आशीर्वाद रहता है जिसे हर सुहागन महिला पाना चाहती है। वैसे भी दुर्गा पूजा के लिए बंग समाज में चार से पांच दिनों तक नए कपड़े पहने जाते हैं और उत्सव मनाया जाता है। कोरोना के कारण बीते वर्ष सिंदूर खैला नहीं हो पाया था। इस वर्ष सभी ने बहुत उत्साह से सिंदूर खैला मनाया। माथे से लेकर गालों और पूरे चेहरे पर सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## चुनौतियां और प्रतिस्पर्धा में हम खरे उतरेंगे

### खमरिया फैक्ट्री के ओ आई टी सी ने जताया भरोसा

**जबलपुर यशभारत।** चुनौतियां और प्रतिस्पर्धा व्यक्ति को मजबूत करती हैं।मुझे पूरी उम्मीद है कि खमरिया का हर कर्मचारी टीम भावना से काम करते हुए पूर्व की भांति वर्तमान में बदली परिस्थितियों में अपने संकल्प के बल पर पुनः सेना की हर मांग को बदलाव की भूमिका में अहम दायित्व निभायेंगे यह कहना था खमरिया फैक्ट्री के अस्थाई प्रभारी एम सी गुप्ता का जो आयुध निगमों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि




खमरिया ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर लिए।इस दौरान निर्माणी ने अनेक उतार चढ़ाव के बीच अपना लक्ष्य पाने के लिए दिन रात एक कर चुनौतियों पर विजय पाई है।आज हमे बदली परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा के साथ सेना को किफायती और गुणवत्ता के साथ उनकी आवश्कतानुसार पूर्ति करना है जो भविष्य में यहां का हर कर्मचारी अपनी दक्षता परीक्षा में खरा उतरेगा।इस मौके पर अपर महाप्रबंधक गण बी बी सिंह अमित सिंह शैलैष बगेरवाल आदि अधिकारियों के साथ थल जल और वायुसेना के गुणवत्ता विभाग आदि सहयोगी स्थापनाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना

## हितग्राहियों को अधिपत्य संबंधी प्रमाण पत्र सौंपने तेजी से करें कार्य- निगमायुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोहनियां में निर्मित भवनों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि हितग्राही परिवारों को अधिपत्य संबंधी प्रमाण पत्र सौंपने की दिशा में शीघ्रता से कार्य करते हुए चयनित हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाएं। इसके लिए उन्होंने बैंकर्स से समन्वय बनाकर जल्दी से जल्दी लोन स्वीकृत करवाने के निर्देश भी दिए। मोहनियां परियोजना स्थल का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने कहा है कि



आधारभूत सुविधाओं के विकास में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करते हुए चयनित परिवारों को लाभ दिलाना भी सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं प्रचलित अन्य परियोजना स्थलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सभी संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

### सौंपा अनुरोध पत्र

## सांसद तन्खा ने की ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त से मुलाकात

**जबलपुर।** ऑस्ट्रेलिया के भारत में हाई कमीशन के उपायुक्त बेरी ओ फैरल ने मध्य प्रदेश से राज्य सभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। सांसद तन्खा ने ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर को दशहरे पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे स्थिर अर्थव्यवस्था मानी जानी है। मुलाकात के दौरान सांसद तन्खा ने एक अनुरोध पत्र भी उच्चायुक्त को सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे राष्ट्रीय पर्व दीपावली का भारत में विशेष महत्व है। आगामी 4 नवम्बर को दिवाली के मौके पर यदि ऑस्ट्रेलिया सरकार वहां रह रहे भारतियों के लिए सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर सकें तो यह एक बड़ा कदम होगा और ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों को उन्हें भारत में रहने का अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही सांसद तन्खा ने



उच्चायुक्त को अवगत कराया कि अभी मुंबई से ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न के मध्य एक ही फ्लाइट है। दिल्ली एवं देश के दूसरे शहरों में रहने वाले हजारों नागरिकों एवं विद्यार्थियों के व्यापक हित में यदि दिल्ली एवं मेलबोर्न अथवा सिडनी के मध्य सीधी फ्लाइट प्रारम्भ हो सके तो इससे दोनों देशों में रहने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। सांसद तन्खा ने यह भी अनुरोध किया कि ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज़ में अध्ययन के ढेरों विकल्प उपलब्ध हैं। विश्व में बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के मध्य हमारे स्टूडेंट्स अपनी हायर स्टडीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में एडमिशन लेना चाहते हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में आकर्षक कैरियर विकल्प मौजूद हैं परन्तु इसमें लगने वाली फीस बहुत अधिक होने के कारण विगत कुछ वर्षों में विदेशों से आने वाले छात्रों की संख्या में भारी कमी हुई है। यदि ऑस्ट्रेलिया सरकार विदेशों से आने वाले छात्रों की फीस कम करने पर विचार कर सके तो छात्र आसानी से ऑस्ट्रेलिया आ सकेंगे उच्चायुक्त ने सांसद तन्खा की मांगों को ऑस्ट्रेलियाई शासन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान सांसद तन्खा ने मध्य प्रदेश में व्यापार की अपार संभावनाओं के बारे में उच्चायुक्त को अवगत कराया और उन्हें मध्य प्रदेश आने का न्योता भी दिया।

### क्वाड में जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के साथ भारत भी शामिल है

क्वाड का अर्थ क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग है। चार देश भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका इसके सदस्य हैं। इस क्वाट का मकसद एशिया प्रशांत क्षेत्र में शांति और शक्ति की बहाली करना और संतुलन बनाए रखना है। वर्ष 2007 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो अबे द्वारा काड का प्रस्ताव पेश किया गया था. इस प्रस्ताव को समर्थन भारत, अमेरिका और आस्ट्रेलिया ने किया था। आज भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के चतुष्पक्षीय गठबंधन या क्वाड गठबंधन के सदस्य हैं। उम्मीद है की वैश्विक हित में यह गठबंधन भविष्य में और मजबूत होगा।

## आयुध निगमों के लोकार्पण समारोह का किया बहिष्कार

### किसी भी फैक्टरी में शामिल नहीं हुए अधिकारी कर्मचारी

**जबलपुर यशभारत ।** देश की220वर्ष पुराने आयुध निर्माणी संगठन को विघटित कर उसे 7 निगमों मे परिवर्तित कर कल प्रधानमंत्री के औपचारिक लोकार्पण समारोह का देश की41आयुध निर्माणियों मे कार्यरत 70हजार कर्मचारियों और ग्रुप बी अधिकारियों ने विरोध करते हुए इसका बहिष्कार किया।इस आयोजन में सभी कर्मचारियों अधिकारियों और उनके परिजनों को भी आमंत्रित किया गया था।कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सभी कर्मचारी महासंघों के साथ सिड्रा ने भी विरोध कर बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। साथ इस मामले मे परिवारों ने अपने टेलीविजन सेट भी बंद रखने का दावा किया है।ए आई डी ई एफ के महासचिव सी श्री कुमार का दावा है कि न केवल आयुध निर्माणियों के 70 हजार कर्मचारियों अपितु रक्षा मंत्रालय से जुड़े अन्य निदेशालयों के कर्मचारियों और उनके परिवारों को मिला कर करीब चार लाख लोगों ने




**आयुध कर्मियों के परिवारों ने भी टी वी बंद कर नहीं देखा प्रसारण**

प्रधानमंत्री के द्वारा आयुध निगमों के कथित लोकार्पण का विरोध जताया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म निर्भर भारत के नाम पर किया गया आयुध निर्माणियों का विघटन देश की जनता के साथ छलावा के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।उन्होंने उस220 साल के इतिहास को भुला दिया जब आधुनिक सुविधाएं और संसाधन नहीं थे।तब आयुध निर्माणी कर्मचारियों ने तीनों सेनाओं के साथ चीन पाकिस्तान के साथ युद्ध में कंधे से कंधा मिलाकर चौथी वाहनी के रूप में अपना दायित्व निभाया। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री स्पष्ट झूठ बोल रहे हैं कि उन्होंने कर्मचारी संगठनों को विश्वास और सहमति से किया है।ए आई डी ई एफ के साथ बीपीएमएस के महासचिव मुकेश सिंह और सिड्रा के महासचिव अजय ने कहा कि निगमीकरण का विरोध लगातार जारी रहेगा।



# खुले इलाकों में ही पटाखा दुकानों के लिए लायसेंस मिलेंगे

## कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** दीवाली में पटाखे की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को अब लायसेंस के लिए लिखित आवेदन की जगह ऑनलाइन देना होगा। कलेक्टर ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि शासन की गाइड लाइन को पूरा करने वाले दुकानदारों को ही लायसेंस दिया जाएगा। इसके साथ ही खुले इलाकों में ही पटाखा बाजार लगेगा और इन क्षेत्रों में दुकान लगाने वालों को ही लायसेंस दिया जाएगा।

### एसडीएम को दी गई जिम्मेदारी

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कहा कि व्यापारियों को लायसेंस मुहैया कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रों को अनुविभागीय अधिकारियों को दी गई है। अधिकारी द्वारा लायसेंस के लिए आवेदन करने वाले व्यापारियों की बैठकर बुलाकर उन्हें नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाबजूद नियमों का पालन नहीं होगा तो लायसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे।

**लायसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा**

### कोर्ट के नियम का पालन होगा

जिले में पटाखा संबंधित नियम का पालन होगा। क्योंकि बम की लडि?ों, सांप की टिकिया की बिक्री पर बीते वर्ष से ही रोक लगी हुई है। बीते वर्ष राज्य सरकार ने आदेश में कहा गया है कि कोर्ट ने दी शर्तों के अवहेलना होने पर संबंधित अफसर के खिलाफ कोर्ट की अवमनाना का केस चलेगा। आदेश के मुताबिक अफसरों को सुप्रीम कोर्ट के सभी शर्तों की पालन करना होगा। ग्रीन पटाखे का इस्तेमाल केवल रात आठ से 10 बजे तक ही किया जाएगा। इसके बाद अगर किसी द्वारा पटाखे चलाए जाते हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी स्थानीय थाना व चौकी प्रभारी की होगी।

# गए थे काली दर्शन को, ठेकेदार का पर्स हो गया पार

## जरूरी कार्ड और नगदी रकम ले उड़े चोर

**जबलपुर, यशभारत।** थाना लार्डगंज में माता के दर्शन करने जा रहे एक युवक की जेब से पर्स गायब हो गया तो वहीं हनुमानताल में ननि ठेकेदार के कमरे से मोबाइल गायब हो गया। पुलिस ने दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज कर, मामले विवेचना में लिए है। जानकारी अनुसार पवन विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी रानीपुर आमनपुर ने पुलिस को बताया कि मां श्रीमती यशोदा विश्वकर्मा के साथ अपनी एक्टिवा से काली जी के दर्शन करने गढ़ा फ टक जा रहा था। एक्टिवा खड़ी करके गढ़ाफ टक में काली जी की दशज़्न करने लगे कि तभी देर रात उसने अपना पर्स देखा तो पर्स गायब था। किसी ने चोर द्वारा उसका पर्स चोरी कर लिया है। पर्समें एसबीआई बैंक के 2 एटीएम कार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, केंटीन स्मार्ट कार्ड एवं नगदी 2700 रूपये रखे थे। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### घर से मोबाइल हो गया चोरी

तो वहीं, थाना हनुमानताल में गोविन्द रजक उम्र 51 वर्ष निवासी थाना हनुमानताल ने पुलिस को बताया कि वह नगर निगम में सरकारी ठेकेदारी का काम करता है। जब वह अपने घर पर था घर के ऊपर वाले रूम में उसने अपना मोबाइल रखा था उसका रूम सीढ़ी से लगा है। कोई चोर सीढ़ी से चढ़कर उसके कमरे मे रखा मोबाइल रेडमी कम्पनी का कीमती लगभग 4 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### एएसआई की पत्नी को झांसेबाजों ने ठगा

**जबलपुर।** दो झांसेबाजों ने एएसआई की पत्नी को ठग लिया। दोनों आरोपी महिला के घर बर्तन चमकाने वाले पाउडर बेचने पहुंचे थे। आरोपियों ने महिला को झांसे में ले लिया कि इससे जेवर भी चमक जाएंगे। डेमो दिखाने के लिए महिला से जेवर मांगे और उसे पाउडर के घोल में डाल दिया। फिर महिला को पानी मांगा। जैसे ही वह पानी लेने अंदर गई, दोनों आरोपी जेवर लेकर फरार हो गए। ग्वारीघाट पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। ग्वारीघाट टीआई भूमेश्वरी चौहान के मुताबिक नर्मदा नगर निवासी जगन्नाथ यादव पुलिस विभाग में एएसआई हैं। वह ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी रमावती यादव घर पर थीं। उसी दौरान दो युवक उनके घर बर्तन चमकाने वाला पाउडर बेचने पहुंचे। पहले एक युवक पहुंचा और महिला को बातों के झांसे में फंसाकर एक कटोरी में पाउडर दिया। इसके बाद दूसरा युवक पहुंचा। उसने महिला को बताया कि इससे बर्तन के साथ जेवर भी चमक जाते हैं।

**जबलपुर में बर्तन चमकाने का पाउडर बेचने पहुंचे दो युवकों ने जेवर किए पार**

### डेमो दिखाने का झांसा देकर जेवर ले उड़े

दोनों ने रमावती यादव से जेवर मांगे। रमावती ने उन्हें सोने की चेन लाकर दी। दोनों आरोपी कटोरी वाले पाउडर के घोल में चेन को डाल दिया। कुछ देर तक इंतजार करने के बाद रमावती को साफ पानी लाने के लिए भेजा दिया। वह जैसे ही पानी लेने अंदर गई, दोनों आरोपी चेन लेकर फरार हो गई। रमावती यादव पानी लेकर निकली तो दोनों को गायब देखा। घोल वाली कटोरी भी वहीं पड़ा था, पर उसमें से उसका चेन गायब था। ईरानी गिरोह की करतूत रमावती यादव ने पति जगन्नाथ यादव को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद दंपती ग्वारीघाट थाने पहुंचे। वहां मामले की शिकायत दर्ज कराई। ग्वारीघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस तरह का झांसा ईरानी गिरोह अंजाम देते हैं। खासकर त्यौहार के समय ये सक्रिय हो जाते हैं। दीवाली के पहले कभी पुलिस वाले बनकर तो कभी श्रद्धा के नाम पर ये झांसे में फंसाते हैं।

### पनागर में चोर अलमारी तोड़कर ले गए जेवर-पैसे

**जबलपुर।** नवरात्र पर घर छोकर बाहर जाना जिले के तीन परिवारों को भारी पड़ा। पनागर थाने में बरोदा निवासी नीलेश कुमार पटेल ने चोरी की शिकायत की। वह दुर्गा महाआरती में तो दादी व पिता रामायण पाठ में शामिल होने चले गए थे। लौटे तो सोने का हार, मंगलसूत्र, पंचाली, झुमकी, 10 गुरिया, चार जोड़ी पायल और नकदी गायब थे।

# शांतिनगर में चाकूबाजों ने दो के गाल और मुंह में किए वार

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के शांतिनगर में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। जहां पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने चाकू से हमला कर, तीन युवकों को घायल कर दिया। इस घटना में एक युवक का गाल कट गया तो वहीं दूसरे को मुंह में गंभीर चोट है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, सरगर्मी से आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

जानकारी अनुसार अतुल कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी शांतिनगर ने पुलिस को बताया कि दरमियानी रात जब अपने दोस्त साहिल चौधरी, विशाल चौधरी, किशोर प्रजापति के साथ खड़ा था तभी मोहल्ले के सुनील ,नीलू, बेटू और अमर आए। जिनका विशाल चौधरी से पुराना विवाद है। उसी विवाद को लेकर चारों एक राय होकर विशाल चौधरी के साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो चारों मारपीट करने लगे, सुनील चौधरी ने चाकू से हमला कर उसके गाल एवं अमर चौधरी ने किसी चीज से हमला कर विशाल को गले में वार कर घायल कर दिया। मारपीट में साहिल चौधरी के मुंह में भी चोट आयी है। मोहल्ले के अन्य लोगों के आने से चारों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# चरगवां में दो युवकों ने घेरकर महिलाओं व युवक के सिर पर किए डंडे से वार

**मामा के लड़के से था झगड़ा**

**जबलपुर, यशभारत।** चरगवां के मिरगा गांव में मामा के लड़के की पुरानी रंजिश के चलते दो आरोपियों ने दो महिलाओं सहित पीड़ित युवक के सिर में डंडे से हमला कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, दोनों आरोपियों को सरगर्मी से तलाश रही है। जानकारी अनुसार भैयालाल यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम मिरगा ने पुलिस को बताया कि भानूप्रताप पटैल के मकान के सामने उसके मामा के लड़के राजेश उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मिरगा से पुरानी रजिश पर सचिन यादव तथा संजय चक्रवर्ती गाली गलौज करके झूमाझपटी कर रहे थे। वह तथा श्रीमती मोना यादव, श्रीमती मंगो बाई यादव तीनों बीच बचाव करने लगे तो सचिन यादव एवं संजय ने डंडे से हमला कर से तीनों को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस सरगर्मी से फरार आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

# गढ़ा में भजनों पर थिरकने पर भांजी तलवार

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा के चिकिनी कुआं क्षेत्र में दरमियानी रात दुर्गा पंडाल में बज रहे भजनों में डांस करने को लेकर तलवारबाजी की घटना सामने आई है। जिसमें के पुराने चाकूबाज ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपनी पसंद का गाना नहीं बजने पर, दुर्गा पंडाल से तलवार निकाली और युवक को जान से मारने दौड़ पड़ा। यह देख वहां भगदड़ मच गयी। इसी बीच आरोपियों ने युवक के ऊपर तलवार से दनादन वार कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद लहू से लथपथ युवक थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। वहीं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई को अंजाम देत हुए तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। जिनसे पूछपाछ जारी है। गढ़ा एसआई वीरेन्द्र तिवारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चिकनी कुआं दुर्गा पंडाल में अंकित चौधरी निवासी देवताल ने बताया कि मैया के भजनों पर डांस चल रहा था, तभी अंकज पटैल वहां आया और अपने पसंद का गाना लगवाने को लेकर झड़प करते हुए गालीगलौच करने लगा, उसने मना किया तो अंकज ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर दुर्गा पंडाल से तलवार निकालकर हमला कर दिया। तो वहीं दूसरी ओर से भी पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने तीनों को अभिरक्षा में लेकर, मामले को जांच में लिया है।

**पंडाल की तलवार निकालकर युवक पर किया जानलेवा हमला, तीनों को पुलिस ने दबोचा**





**जबलपुर यशभारत।** कजरवारा एवं गधेरी में गाजे- बाजे के साथ धूमधाम से किया गया जवारों का विर्सजन, लोगों में रहा उत्साह। **फोटो: बबलू।**

# माता की चौकी आयोजित



**जबलपुर।** पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित, पंजाबी यूथ क्लब द्वारा महाष्टमी के पावन पर्व पर आकर्षक माता चौकी का आयोजन किया गया. समग्र पंजाबी समाज की एकता का प्रतीक इस कार्यक्रम में गुणगायक अजीत मिनोचा एवं ईशान मिनोचा ने मनमोहक देवी गीत प्रस्तु कर उपस्थित श्रध्दालुओं को दैवीय रंग में सराबोर कर दिया था। चन्द्रकुमार मनोत, विनोद वाधवा, श्रीराम खत्री, प्रवीण गुलादी, राजेश चडोक, संजय अरोराजी का सार्थक मार्गदर्शन रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पंजाबी यूथ क्लब के अध्यक्ष क्यूल मलिक, संजीव गुलाटी, दीपक चंडोक, डॉ राजीव ओबेराय, नीरज ब्यौत्रा बॉबी जग्गी दीपक वर्मा मनीष वर्मा, संकल्प मदान, आशीष खुराना, लकी भाटिया, पराग गोवर, रवि नैयर, रोहन दीवान व अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# राजकुमारी बाई बाल निकेतन में बांटे फल, चॉकलेट, बिस्किट, पटाखे




**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर प्रोजेक्ट पूर्णायु के तहत श्री राजकुमारी बाई बाल निकेतन में फल, चॉकलेट, बिस्किट एवं पटाखे बांट कर मनाया विजय दशमी का त्योहार मनाया। रोटरी क्लब अध्यक्ष मनु शरत तिवारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत का अधर्म पर धर्म की जीत है और संयम से मन की जीत इसी का प्रतीक है। विजयादशमी का त्योहार गीता शरत तिवारी, डॉक्टर कविता सिंह, उमा बैनर्जी, बलदीप मैनी, हिमांशु राय, नितिन पालीवाल, पंकज नेमा, पुनीत चपरा, सपन वेगड का सहयोग रहा है।

# भारतीय पर्व संस्कृति और संस्कार के जनक



**जबलपुर।** विकास समिति स्नेह नगर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व पर आयोजित दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित समिति अध्यक्ष विनोद दुबे, री आर.के. जैन, आर.एस. पाण्डेय, रवि शर्मा, हृदयेश खरे, के.के. जैन, संजय रजक, एस.पी. तिवारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विजयादशमी पर्व असत्य पर सत्य का अन्याय पर न्याय, अवगुणों पर सदगुणों की जीत का पर्व है वास्तव में जितने भी भारतीय पर्व हैं हमारी संस्कृति एवं संकार के जनक हैं जो हमें जीवन भर कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं, कार्यक्रम का शुभारंभ जगतजननी माँ जगदम्बे के पूजन अर्चन मंत्रोच्चार द्वारा डॉ. अनिता दुबे द्वारा किया गया, शस्त्र पूजन, भगवान परशुराम के परशु का स्वस्तिवाचन के साथ पूजन किया गया।

# बबीता गुप्ता स्मृति महिला-पुरुष कबड्डी 23 को



**जबलपुर।** आगामी 23 अक्टूबर को स्वर्गीय बबीता गुप्ता वी एफ जे स्कूल में प्रिंसिपल की स्मृति में एक दिवसीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन व्हीएफजे मैदान पर रखा जा रहा है। इसमें दोनों वर्गो में ट्राफी के अलावा 5000 व 3000 रूपए नगद रखा गया है ,जो भी टीमें भाग लेना चाहती है वे शानू यादव व पुष्पा रघुवंशी से संपर्क कर अपनी प्रविष्टी सुनिश्चित कर लें।

# दो बाइकों में भिड़त,दंपति घायल पति की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बरेला के ग्राम सिलुआ में जवारा विसर्जन देखने जा रहे दंपत्ति को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पति की मौके पर ही मौत हो गयी, तो वहीं घायल पत्नी को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी को तलाश रही है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दीपक अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला रामपुर गोरखपुर ने बताया कि उसे जानकारी प्राप्त हुयी कि पापा रामनाथ अहिरवार एवं मम्मी सिया बाई अहिरवार का सिलुआ रोड पर एक्सीडेण्ट हो गया। जिन्हें एम्बुलेंस से उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल ले जा रहे हैं। तो वह विक्टोरिया अस्पताल पहुंचा उसके पिता रामनाथ अहिरवार गंभीर रुप से घायल मृत हालत में थे। मम्मी सिया बाई घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बड़े पापा विश्राम एवं भाई लच्छू ने बताया कि जवारे के कार्यक्रम में सिलुआ जा रहे थे। सिलुआ तिराहे के सामने से एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनएस 3931 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके पिता की मोटर सायकल में टक्कर मार दी। जिससे माँ घायल हो गयी एवं गम्भीर चोट आने से पिता की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

# सोलह सिंगार प्रतियोगिता का आयोजन



**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मुनि सुब्रत नाथ शाखा हनुमान ताल द्वारा सोलह सिंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मिश्री जैन अध्यक्ष मौली जैन के द्वारा आयोजन किया गया इसमें जजमेंट मध्य प्रदेश की ब्यूटी पार्लर प्रेसिडेंट श्रीमती संध्या जैन जी के द्वारा किया गया इसमें प्रथम हनी जैन द्वितीय शुभी जैन एवं तीसरा स्थान श्रीमती आस्था जैन का रहा एवं दो अन्य सांत्वना पुरस्कार श्रीमती शिल्पी जैन एवं संगीता जैन को प्रदान किए गए प्रतियोगिता तीन राउंड में आयोजित की गई इसमें 40 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया अमीषा जैन ज्योति जैन स्वाति जैन मीना जैन नविता जैन सरिता जैन संध्या जैन का विशेष सहयोग रहा।


### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं काव्या मेघनानी पति श्री गौरव मेघनानी पता 70 - 71 एकता चौक थाना विजय नगर जिला जबलपुर की निवासी हूँ ! मेरे पासपोर्ट क्रमांक (M6536748) में मेरा नाम स्नेहा असरानी दर्ज है जो मेरी शादी के पूर्व का नाम हैं ! शादी के बाद मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम काव्या मेघनानी है जो की पूर्ण और सही नाम है ! अतः मुझे ऐसी नाम से जाना जावे और पढा जावें !

गलत नाम - स्नेहा असरानी
सही नाम - काव्या मेघनानी

### क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।
मो. 9340734722, 8989804354

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस

### न्यायालय तहसीलदार पनागर वृत बरौदा जबलपुर

राप्रक्र/25/10/अ-6/21-22

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक वंदना गांड पिता छत्रपाल सिंह निवासी महुआखेड़ा नोनी पाटन वर्तमान पता भर्राटिमरा के द्वारा ग्राम देवरीखुर्द पहनं 19 रा नि मं बरौदा स्थित भूख खसरा नं 110 रकवा 1350 वर्गफुट भूमि का फौती के आधार पर आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अत उक्त भूमि के नामांतरण सुधार में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 8 नवम्बर 21 दिनों के अंदर स्वयं उपसिति होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 11 .10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक** 11/10/21
**पेशी दिनांक** 8/11/21

तहसीलदार
पनागर

### पश्चिम मध्य रेल

विद्युत (सामान्य) शाखा
खुली निविदा शुद्धिपत्र

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम लोकेशन सहित | शुद्धि |
|---|---|---|
| निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टीनं. 10/2021 दिनांकः 06.10.2021 | 4 विविध कार्यों का विद्युतीकरण। जबलपुर मंडल के 13 स्टेशनों पर एफ ओबी का विद्युतीकरण (बिक्रमपुर, पटवारा, लगरगवां, गुर्रा, टिकरिया, पकरिया रोड, गोसलपुर, करकबेल, घाट पिडरई, गुर्रमखेड़ी, बागरातवा, सोनतलाई, निवार) (ii)बखलेता रेलवे स्टेशन पर 11 केवी एच टी लाइन लाकर अलग से 63 केवीए डीटीआर का आपूर्ति हेतु (iii) हरदुआ रेलवे स्टेशन पर 11केवी एचटी लाइन लाकर अलग से 63 केवीए डीटीआर का आपूर्ति हेतु (iv) नीलांबरी सबस्टेशन का उन्नयन। | सुधार के साथ नया निविदा दस्तावेज तथा स्केडुले बी & सी (आइटम क्र-01 एमपीइबी एरटीमेट) के विस्तृत एस्टीमेट अपलोड किया गया। |

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को भगाना है, मास्क व वैक्सीन लगाना है।

### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)
M.P.P.G.C.L;A.T.P.S; CHACHAI

Phone 07659-263469; FAX 07659-263283
Web site: www.mppgenco.nic.in, Email-sepnwatps@gmail.com

No.001-04/P&W/NIT/1692 Chachi dtd. 11/10/2021

TENDER NOTICE

M/s. ..............................

"Through E-tendering only"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the work/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender no. | Name of works/ Material | Estimated cost (in Rs) | Duration of work/quantity/ period | Cost of tender document | EMD Rs. | Last date of submission of tender | Due date of Technical opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021_MPPGc_158651_1 | Annual civil repair and maintenance work in Power house premises at ATPS Chachi Type of tender- Percentage rate class- All or above | 1402812/- including GST | 12 Month including rainy season | 1000/- | 35100/- | 15.11.21 Up to 15:00 hrs | 18.11.21 15:30 hrs onwards |

Note:- For details please visit the website www.mptenders.gov.in. For any change in specification/techinical data please visit regulary our website-www.mptenders.govin Any addendum/corrigendum shall not be pulished in news paper.

SAVE ELECTRICITY — SE(P&W) ATPS MPPGCL Chachai

### कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
### लोक निर्माण विभाग (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सिवनी
### निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला-सिवनी (मध्यपद्रेश)

दूरभाष क्र. 07692-225559 — E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.-26/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी — जबलपुर दिनांक 11.10.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021_PWPIU_159236_2 | लखनादौन जिला सिवनी मे महाविद्यालय कन्या छात्रावास भवन का शेष निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 147.17 | 147170.00 | 12500.00 | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2021_PWPIU_163831_1 | जिला सिवनी अंतर्गत भवनों के निर्माण एवं रख-रखाव हेतु जोनल टेन्डर। (तृतीय आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 150.00 | 150000.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक **13.10.2021 से दिनांक 29.10.2021** तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-18228/21

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सिवनी



# आनलाइन लोन देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर अब भोपाल प्रशासन कसेगा शिकंजा

**भोपाल।** आनलाइन धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। हर दिन शहर के सैकड़ों लोग आनलाइन सस्ते लोन के लालच में आकर गिरोह के शिकार हो रहे हैं। शहर में करीब 45 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें आनलाइन लोन दिलाने के नाम पर पहले तो लुभावने सपने दिखाए गए, बाद में भुगतान के समय निर्धारित राशि से अतिरिक्त राशि वसूली ली गई। वहीं, अधिक पेनाल्टी भी वसूली जा रही है। इन सभी मामलों को ध्यान में रखकर अब जिला प्रशासन धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसेगा। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने नागरिकों से असामान्य रूप से रिटर्न या सस्ते लोन देने वाली गैर-वित्तीय संस्थाओं के प्रति सावधान और सचेत रहने का आग्रह किया है। आम नागरिकों से ऐसी संस्थाओं के पंजीयन के प्रति जागरूक रहने एवं उनकी प्रामाणिकता के संबंध में पहले जाच-पड़ताल करने की अपील की गई है। ऐसी संस्थाओं के जमाकर्ताओं के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। गैर-वित्तीय संस्थाओं, कंपनियों के जमाकर्ताओं को संभावित आर्थिक धोखाधड़ी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय-समय पर ऐसी संस्थाओं में जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम और अनियमित जमा प्रतिबंध अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। जमाकर्ताओं और आम जनता और सरकार के बीच परस्पर विश्वास बनाने रखने के लिये दोषी संस्थाओं पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोन न चुकाने पर देते हैं धमकियां, इंटरनेट मीडिया पर करते हैं बदनामी

ज्यादातर लोग छोटे लोन लेने के लिए मोबाइल एप के जाल में फंस जाते हैं। 500 से लेकर दो लाख रुपए तक का लोन देने का झांसा दिया जाता है। ग्राहक सोचते हैं कि एप के जरिए लोन लेने से उन्हें बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां लोन के लिए सबसे पहले अपने एप को ग्राहक के मोबाइल में डाउनलोड कराती हैं। डाउनलोडिंग के दौरान एप अनुमति मांगता है कि वह आपके सारे मैसेज, ओटीपी और वाट्सएप, मेल सब कुछ पढ़ सकता है। इसकी अनुमति देने पर एप में आधार और पैन कार्ड को अपलोड करना होता है। इसके बाद कंपनी आधार व बैंक से लिंक एक मोबाइल नंबर मांगती है। सैलरी स्लिप नहीं होने पर बैंक का पिछले तीन माह का स्टेटमेंट और क्रेडिट स्कोर कंपनी खुद चेक कर लेती है। इसका फार्म भी आनलाइन भर लिया जाता है।

### एप से लोन के चक्कर में न फंसें

बैंक संबंधी जानकारी न दें, एप के चक्कर में न फंसें सायबर क्राइम ब्रांच के एएसपी संदेश जैन कहना है कि आनलाइन धोखाधड़ी से बचना चाहते हैं तो अपने बैंक से संबंधित जानकारी किसी को न दें। यदि लोन चाहिए तो जिस बैंक में आपका खाता है, वहां लोन के लिए आवेदन करें। एप के चक्कर में न फंसें।

असामान्य रूप से रिटर्न या सस्ते लोन देने वाली गैर-वित्तीय संस्थाओं के प्रति सावधान और सचेत रहने का आग्रह किया है। आम नागरिकों से ऐसी संस्थाओं के पंजीयन के प्रति जागरूक रहने एवं उनकी प्रामाणिकता के संबंध में पहले जाच-पड़ताल करने की अपील की गई है। गैर-वित्तीय संस्थाओं, कंपनियों के जमाकर्ताओं को संभावित आर्थिक धोखाधड़ी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा।

**- अविनाश लवानिया, कलेक्टर, भोपाल**

# असत्य पर सत्य की जीत

## राजधानी में कई जगहों पर हुआ रावण दहन



**भोपाल।** राजधानी में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी उत्साह के साथ मनाया गया। छोला दशहरा मैदान पर 51 फीट के रावण के पुतले के दहन हुआ। इससे पहले हिन्दू उत्सव समिति की ओर से मारवाड़ी रोड श्री बांके बिहारी मंदिर से विजयदशमी चल समारोह निकाला गया। रथ पर भगवान राम, लक्ष्मण सवार हुए। विभिन्न मार्गों से होता हुआ चल समारोह छोला दशहरा मैदान पर पहुंचा। भगवान राम बने युवक ने रावण के पुतले का दहन किया। टीटी नगर, कलियासोत, बिट्टन मार्केट, अशोका गार्डन, बरखेड़ा, एमवीएम दशहरा मैदान पर सहित अन्य दशहरा मैदानों पर रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। शाम छह से रात दस बजे के बीच सभी स्थानों पर रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इसके साथ ही लोगों को रंगारंग अतिशबाजी देखने को भी मिली। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए विजयदशमी पर्व मनाया गया।

मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) मैदान पर श्रीजी सांस्कृतिक महोत्सव समिति की ओर से रावण दहन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचीं भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसियों ने मेरे शहर भर में गायब होने के पोस्टर लगवा दिए। कांग्रेस के विधायक खुद ही अपनी-अपनी विधानसभा में नहीं दिखते हैं। इससे नाराज पूर्व मंत्री व विधायक पीसी शर्मा कार्यक्रम से चले गए।

छोला दशहरा मैदान - हिन्दू उत्सव समिति की ओर से रात 10ः30 बजे चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मौजूदगी में 51 फीट का रावण, 40-40 फीट के कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन हुआ। अतिशबाजी भी हुई।

टीटी नगर - नागरिक कल्याण समिति द्वारा शाम सात बजे 50 फीट रावण, 40-40 फीट ऊंचे कुभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग पहुंचे। अतिशबाजी भी की गई।

शाहपुरा दशहरा उत्सव समिति सांस्कृतिक कल्याण समिति ने रात नौ बजे 45 फीट का रावण, 40 फीट का मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्रनाथ सिंह मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने रावण दहन का कार्यक्रम देखा। कलियासोत - जनश्री लोक कल्याण समिति ने कलियासोत दशहरा मैदान पर 51 फीट का रावण, 41 फीट का मेघनाथ और 31 फीट के कुभकरण के पुतलों का दहन हुआ। रात नौ बजे तक कार्यक्रम चला। इसमें पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। रंगारंग अतिशबाजी भी हुई।

अशोका गार्डन

- दुर्गा धाम हिन्दू उत्सव समिति ने अशोका गार्डन दशहरा मैदान पर 51 फीट रावण, 41 फीट कुंभकर्ण, 31 फीट मेघनाथ के पुतलों का रात 9ः30 दहन किया। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मौजूद रहे। इसके बाद रंगारंग अतिशबाजी भी हुई। बरखेड़ा एफ सेक्टर 9 भेल युवा संगम समिति की ओर से 51 फीट ऊंचा रावण, 45-45 फीट ऊंचे कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का रात साढ़े आठ बजे दहन किया गया। इसमें गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गौर, पूर्व पार्षद केवल मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

कोलार बंजारी 9 कोलार हिन्दू उत्सव समिति ने कोरोना को देखते हुए इस बार 20 फीट का रावण के पुतले का दहन किया। आठ से 10 लोगों की मौजूदगी में शाम सात बजे कार्यक्रम संपन्ना हो गया। इसमें पूर्व पार्षद रवींद्र यति सहित अन्य लोग मौजद रहे।

कोलार नयापुरा -

मां पहाड़ा वाली सेवा समिति ने शाम सात बजे सांकेतिक रूप से 15 फीट ऊंचे रावण का ही दहन किया गया। इसमें कांग्रेस नेता श्याम सिंह मीणा समेत अन्य स्थानीय लोग शामिल हुए।




# ढाई लाख आवासहीन परिवारों को दीपावली से पहले मिलेंगे मकान

**भोपाल।** प्रदेश के दो लाख 51 हजार आवासहीन परिवारों के लिए दीपावली सौगात लेकर आ रही है। यह परिवार अगले हफ्ते अपने %सपनों के घर में प्रवेश करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन परिवारों को वर्चुअल गृह प्रवेश कराएंगे। लाभार्थियों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया परिवार भी शामिल हैं। संबंधित विभागों ने कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार योजना की समीक्षा कर रहे हैं और हर गरीब परिवार को भूमि का पट्टा और पात्रता के अनुसार मकान बनाने के लिए राशि देने की घोषणा कर चुके हैं।

### लक्ष्य पूरा करने में मध्य प्रदेश की पहल सराहनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 तक देश के सभी आवासहीन लोगों को मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इसमें मध्य प्रदेश ने सराहनीय काम किया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 21 लाख पांच हजार मकान बना लिए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में ग्वालियर-चंबल अंचल के जिलों में अतिवृष्टि और बाढ़ के बावजूद वर्षाकाल में एक लाख 60 हजार मकान बनाए गए हैं। यह प्रदेश को मिले26 लाख 28 हजार मकानों के लक्ष्य के मुकाबले मेंसंतोषजनक है।

### चार की बजाए एक महीने में बनाया मकान

आवासहीनों को दीपावली से पहले मकान देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने लगातार काम किया। एक मकान का निर्माण औसतन चार महीने में होता है, पर विभाग ने एक माह में मकान बनाकर दिखाया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्तर पर मकान निर्माण की अवधि 114 दिन है।

# जंगल की घास ने रोकी बाघों की गिनती



**भोपाल।** जंगल की घास ने बाघ आकलन 2022 (बाघ गणना) की राह में फिलहाल रोड़ा डाल दिया है। टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश के जंगलों में वर्तमान में घास बड़ी एवं घनी है। वहीं नदी-नालों के अलावा खंतियों में पानी है। जिससे आसपास की मिट्टी मुलायम है, जो बाघ आकलन की राह रोक रही है। इसलिए प्रदेश में पहले 16 अक्टूबर से प्रस्तावित बाघों की गिनती अब 17 नवंबर से शुरू होगी। संरक्षित क्षेत्र (टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क और अभयारण्य) में सबसे आखिर में गिनती की जाएगी, जो अब जनवरी 2022 तक चलेगी। बाघ आकलन-2018 में देश में सबसे ज्यादा 526 बाघों के साथ मध्य प्रदेश ने टाइगर स्टेट का खोया तमगा वापस पाया है। इसलिए इस बार आकलन में बेहतर प्रयासों की तैयारी थी, पर पहले कोरोना और अब विगत दिनों की बारिश ने राह रोक दी है। मध्य प्रदेश के वन अधिकारी 16 अक्टूबर से गिनती शुरू करने की पूरी तैयारी कर चुके थे। तभी विशेषज्ञों ने गिनती शुरू करने से रोक दिया। दरअसल, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के वैज्ञानिक डॉ. वायवी झाला सितंबर अंत में बाघ आकलन का प्रशिक्षण देने नर्मदापुरम (होशंगाबाद) स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व आए थे। प्रशिक्षण के बाद डॉ. झाला और उनके एक अन्य साथी वैज्ञानिक पार्क के भ्रमण पर निकले थे। उन्होंने पार्क की स्थिति देखकर बाघ आकलन अक्टूबर में नहीं करने की सलाह दी थी। उनका कहना है कि ऐसे में प्रमाणिक परिणाम नहीं आएंगे।

### बाघों की उपस्थिति का पता नहीं चलेगा

विशेषज्ञों के मुताबिक लगातार पानी मिलने से अभी घास हरी और मुलायम है। उसकी ऊंचाई भी ज्यादा है। ऐसे में घास में मौजूद, उससे गुजरने या लोट लगाने वाले किसी भी वन्यप्राणी की उपस्थिति का पता नहीं लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, बारिश देर तक चलने के कारण झरनों के आसपास, नदी-नालों, पोखरों में पानी और इन स्थानों के आसपास कीचड़ है। जिसमें सही से पैरों के निशान नहीं आ सकते हैं। ये परिस्थितियां बाघ की उपस्थिति के सही प्रमाण नहीं दे सकती हैं।

### चार चरणों में होगी गिनती

मध्य प्रदेश में बाघों की गिनती चार चरणों में होगी। पहला चरण 17 से 23 नवंबर, दूसरा एक से सात दिसंबर, तीसरा 15 से 21 दिसंबर 2021 और चौथा पांच से 11 जनवरी 2022 तक चलेगा।

# भोपाल के बाजारों में पार्किंग की समस्या

## मुख्य सड़कों पर नहीं बने फुटपाथ



**भोपाल।** राजधानी के अधिकांश बाजारों में पार्किंग की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं शहर की बड़ी कालोनियों की मुख्य सड़कों पर लोगों को पैदल चलने के लिए फुटपाथ तक नहीं बनाए गए हैं। स्थानीय लोग व खरीदार कई बार नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा हैशहर के न्यू मार्केट रोशनपुरा इलाके में आलम यह है कि यहां चारों तरफ दुकानें हैं। न्यू मार्केट में करीब 1300 दुकानें हैं। रोशनपुरा, मालवीय नगर में भी कई दुकानें हैं। ऐसे में यहां पर शहर के चारों तरफ से लोग जरूरी सामान की खरीदारी करने आते हैं। न्यू मार्केट के चारों तरफ दुकानों के सामने बनी पार्किंग वाहनों से भर जाती है। बीएसएनएल कार्यालय के सामने बनी मल्टी पार्किंग में कई लोग वाहनों को खड़ा नहीं करते हैं, क्योंकि वहां से बाजार तक पैदल जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को पार्किंग की समस्या से रोजाना परेशान होना पड़ता है।वहीं शहर के एक और प्रमुख इलाके गुलमोहर की अगर बात करें तो इस इलाके का तेजी से विकास हुआ है। बीते 20 सालों में कालोनी में तेज से आवास बन गए हैं। शहर के कई इलाकों से लोग आ गए है। शापिंग माल खुल गए हैं। ऐसे में यहां भी रोजाना शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग आवाजाही करते हैं। यहां की मुख्य सड़कों पर फुटपाथ नहीं बनने से लोगों आवाजाही में दिक्कत होती है। रात होते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है, क्योंकि कई स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी रहती हैं। शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# मध्य प्रदेश बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की तैयारी शुरू

## समय आधा घंटा कम होने की संभावना




**भोपाल।** इस साल मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) ने दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। पिछले साल कोरोना काल के कारण परीक्षा नहीं हो पाई थी। इस साल माशिमं मार्च में परीक्षा कराने के प्रयास में है। इसके लिए परीक्षा केंद्रों की सूची भी जिले से मंगा ली गई है। इस बार हर जिले में 10 से 15 फीसद अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, ताकि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन हो सके। इसके अलावा माशिमं ने सत्र 2021-22 से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न में बदलाव किया है। इस सत्र के प्रश्नपत्र में 40 फीसद अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। अभी तक माशिम की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 25 फीसद अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते थे। नए पैटर्न पर अभी हाल ही में नौवीं से बारहवीं की तिमाही परीक्षा भी ली गई, ताकि विद्यार्थी पहले से ही बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार हो जाएं। इस बार तिमाही परीक्षा तीन के बदले ढाई घंटे की ली गई। इस कारण बोर्ड परीक्षा के समय में भी आधा घंटा कम होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, माशिमं के अधिकारी अभी इससे इन्कार कर रहे हैं। उनका कहना है कि अभी बोर्ड परीक्षा के समय को लेकर कोई निर्णय नहीं किया गया है। बता दें, कि अब 40 फीसद अंकों के प्रश्न सिर्फ वस्तुनिष्ठ होंगे। इन सब बदलाव से विद्यार्थी आसानी से पास हो सकेंगे। माशिमं की परीक्षा में 33 फीसद अंक पर विद्यार्थियों को पास किया जाता है। माशिमं ने इस साल परीक्षा केंद्रों के निर्धारण से पहले भौतिक सत्यापन कराएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग की टीम बनाई गई है। टीम को निर्देशित किया गया है कि हर केंद्र पर कोविड गाइडलाइन का पालन जरूरी है। इस कारण हर केंद्र पर शौचालय, पानी, फर्नीचर, इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, हैंडवाश यूनिट का होना जरूरी है। साथ ही पर्याप्त कमरे भी होना चाहिए, ताकि सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन किया जा सके।

### हर केंद्र पर कोविड गाइडलाइन का पालन कराया जाएगा

### यह किया गया नया बदलाव

- दसवीं एवं बारहवीं में मूल्यांकन 80 अंक सैद्धांतिक एवं 20 अंक प्रायोगिक/प्रोजेक्ट के लिए रहेंगे। बारहवीं में मूल्यांकन प्रायोगिक विषयों में 70 अंक सैद्धांतिक एवं 30 अंक प्रायोगिक के लिए रहेंगे। दसवीं एवं बारहवीं के सभी विषयों के सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में 40 फीसद वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 फीसद विषय आधारित प्रश्न एवं 20 फीसद विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।

अगर नौवीं से बारहवीं की तिमाही परीक्षा नए पैटर्न पर ली गई है और समय ढाई घंटे का रखा गया था तो जरूरी नहीं कि बोर्ड परीक्षा में भी ऐसा हो। अभी इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**- उमेश कुमार सिंह, सचिव, माशिम**

# अब 40 फीसद से अधिक दिव्यांगता पर ही राशन !

## भीख मांगने वाले, कुष्ठ रोगी और किन्नर भी अब प्राथमिकता परिवार की सूची में



**भोपाल ।** प्रदेश में अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत अन्य वंचित वर्ग, कुष्ठ रोगी और किन्नर को भी एक रुपये प्रति किलो गेहूं और चावल दिए जाएंगे। शासन ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत चयनित प्राथमिकता परिवार की सूची में दो श्रेणी बढ़ा दी हैं, जबकि वर्ष 2013-14 के आपदा पीड़ितों को सूची से हटा दिया गया है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कलेक्टरों को आदेश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक प्रदेश में एक करोड़ 11 लाख परिवार प्राथमिकता परिवार की सूची में शामिल थे। नई व्यवस्था के तहत अन्य वंचित वर्ग में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भीख मांगकर भरण-पोषण करने वाले और कचरा बीनकर रोजी-रोटी कमाने वाले परिवारों को शामिल किया गया है। कुष्ठ रोगियों की श्रेणी में सिर्फ रोगी को स्वास्थ्य विभाग के सत्यापन के आधार पर राशन दिया जाएगा। रोगी परिवार का मुखिया होगा तो उसके आश्रितों को राशन मित्र पोर्टल पर सत्यापन के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ दिया जा सकेगा। इसी प्रकार कलेक्टर से पहचान पत्र लेने वाले किन्न भी इस योजना में पात्र होंगे। शासन ने दो प्राथमिकता परिवार श्रेणियों में भी संशोधन किया है। पहले पंजीकृत मंदबुद्धि एवं बहुविकलांग व्यक्तियों को राशन दिया जाता था। अब 40 फीसद से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को ही राशन मिलेगा। ऐसे ही शहरी घरेलू कामकाजी महिलाएं श्रेणी में भी संशोधन किया गया है।

### प्राकृतिक आपदा श्रेणी समाप्त

शासन ने प्राकृतिक आपदा श्रेणी समाप्त कर दी है। इस श्रेणी में वर्ष 2013-14 में प्राकृतिक आपदा प्रभावित ऐसे परिवारों को प्राथमिकता परिवार की श्रेणी में रखा गया था, जिनकी फसलों को प्राकृतिक आपदा से 50 फीसद या उससे अधिक नुकसान हुआ है।

# चंबल एक्सप्रेस वे के लिए भूमि अधिग्रहण पर कार्यशाला



**भोपाल।** शिवराज सरकार की महत्वाकांक्षी चंबल एक्सप्रेस वे (अटल प्रगति पथ) परियोजना पर अगले साल से काम प्रारंभ करने के उद्देश्य से भूमि का अधिग्रहण तेजी के साथ किया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण (एनएचएआइ) को 31 दिसंबर 2021 तक निशुल्क भूमि का हस्तांतरण किया जाना है। इस काम को समय-सीमा में पूरा करने के लिए 21 और 22 अक्टूबर को भिंड, मुरैना और श्योपुर में राजस्व, वन, लोक निर्माण और प्राधिकरण के अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला होगी। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई ने बताया कि अटल प्रगति पथ चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना तथा भिंड जिले में 313 किलोमीटर होकर गुजरेगा। इसके लिए शासन को एनएचएआइ को निश्शुल्क भूमि उपलब्ध करानी है। एक हजार 523 हेक्टेयर भूमि प्राधिकरण को हस्तांतरित हो चुकी है। परियोजना में एक हजार 300 हेक्टेयर निजी और 270 हेक्टेयर वन भूमि आ रही है। सरकार ने हाल ही में निजी भूमि के शासकीय भूमि से अदला-बदली के प्रविधान को स्वीकृति दी है। इसमें निजी भूमि के मूल्य के बदले दोगुनी राशि की शासकीय भूमि उपलब्ध कराने का प्रविधान किया है। भिंड में अधिकांश गांवों में भूमि उपलब्ध है। श्योपुर में दोगुना मूल्य की शासकीय भूमि की उपलब्धता 15 गांवों में कम है, लेकिन पास के गांवों में भूमि उपलब्ध है। भूमि की अदला-बदली करके एनएचएआइ को हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी करने संबंधी कार्रवाई तेजी के साथ करने के लिए राजस्व, वन, लोक निर्माण और प्राधिकरण के मैदानी अमले के साथ कार्यशाला की जाएगी। इसमें तीनों जिलों के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी, वन मंडलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (वन) तथा रेंजर, लोक निर्माण विभाग अभियंता शामिल होंगे। 21 अक्टूबर को कार्यशाला भिंड और मुरैना में होगी। 22 अक्टूबर को श्योपुर में इसका आयोजन होगा।

# कोतमा से मैहर पद रथ यात्रा प्रारम्भ, सैकड़ो की संख्या में भक्त यात्रा में हुए शामिल

**कोतमा। कोतमा नगर से मैहर पद रथ यात्रा 15 अक्टूबर को बस स्टैंड प्रांगण से 12.30 में प्रारम्भ हुई जो 21 अक्टूबर को मैहर पहुंचेगी जहां माता के मूर्ति विसर्जन के बाद माँ शारदा के दर्शन उपरांत यात्रा सम्पूर्ण होगी। यात्रा आज कोतमा बस स्टैंड से प्रारम्भ हुई जो कोतमा बस्ती होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से भृमण करती हुई मैहर की ओर प्रस्थान करेगी।**





यात्रा में जगह जगह रात्रि विश्राम,रुकने भोजन,की व्यवस्था कमेटी द्वारा की गई है। सात दिवसीय यात्रा 15 अक्टूबर को कोतमा से फुनगा अनुपपुर,चचाई अमलाई,बुढार शहडोल, पाली घुंनघुटी उमरिया, ज्वाला मंदिर, बरही,खितौली सरला नगर होकर 7 वे दिन मैहर पहुंचेगी यात्रा में सैकडो की संख्या में महिलाएं पुरुष, नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियां शामिल हैं। कोतमा नगर से मैहर तक कि पद रथ यात्रा की शुरुवात सर्वप्रथम शारदा काली मंदिर कोतमा से हुई थी। यात्रा की शुरुवात शारदा काली मंदिर के व्यवस्थापक स्व, श्री जमुना प्रसाद वर्मा व अन्य सदस्यों ने यात्रा प्रारम्भ की थी। शारदा मंदिर के पूर्व व्यवस्थापक स्व,जमुना प्रसाद वर्मा परिवार का इस यात्रा संचालन में बहुत बडा योगदान रहा है। जो सन 1987 में पहली बार कोतमा से मैहर सैकडो की संख्या में पद रथ यात्रियों को लेकर मैहर तक सफल यात्रा हुई थी। उसके बाद तीन साल बाद सन 1990, फिर सन 1993 में हुई। उसके बाद लंबे अंतराल के बाद सन 2015 में बेरियल कमेटी के 25 वे रजत जयंती वर्ष पर कोतमा से मैहर पद रथ यात्रा हुई। अब इस वर्ष बस स्टैंड कमेटी माँ शैलपुत्री भक्ति मण्डल के 21 वर्ष पूर्ण होने पर कोतमा से मैहर पद रथ यात्रा की शुरुवात आज हुई है। यात्रा में दर्जनों काली का खप्पड नृत्य यात्रा में रोमांच पैदा करता है। भव्य जगराते के साथ गाते बजाते भक्त यात्रा में सम्मिलित होते हैं। जगह जगह पद रथ यात्रा का स्वागत हुआ,आरती की थाली लेकर माताएं रथ में सवार माँ दुर्गा की आरती उतारे। माँ शारदा में आस्था व विस्वास रखने वाले भक्त बडे भक्ति भाव से इस यात्रा में सम्मिलित होते हैं और माँ शारदा के दर्शन कर यात्रा सफल करते हैं।

## गंगा जमुना तहजीब एवं एकता का प्रतीक बना भव्य पद रथ यात्रा

कोतमा। कोतमा से मैहर को पद रथ यात्रा निकल चुकी है जिसको लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा गया हजारों की संख्या में भक्तगण मैहर के लिए पैदल रथयात्रा में धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। वही पद रथयात्रा के पहले चरण में कोतमा नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पद रथ यात्रा का स्वागत किया गया। मई कोतमा में गंगा जमुना तहजीब की एक झलक देखने को मिली जहां मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा पद रथ यात्रा का स्वागत करते हुए पदार्थ यात्रियों को अल्पाहार और पानी की व्यवस्था की गई। कोतमा हमेशा ही एकता अखंडता के लिए जाना जाता रहा है जहां हिंदू मुस्लिम समुदाय दोनों एक होकर त्यौहार एवं धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेते रहे हैं। कोतमा से निकली पद रथ यात्रा में मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने बढ़ कर हिस्सा लिया और पद रथ यात्रा में जा रहे यात्रियों के लिए खाने अल्पाहार की व्यवस्था भी की।



### अनूपपुर पहुंची पद रथ यात्रा

कोतमा से निकली पदयात्रा 16 अक्टूबर अनूपपुर पहुंचेगी जहां हजारों की संख्या में धार्मिक यात्रा में निकले पदार्थ यात्रियों का स्वागत एवं सरकार अनूपपुर की समाजसेवी अभियंता द्वारा किया गया। अनूपपुर के उपरांत पद रथ यात्रा विद्युत नगरी चचाई पहुंची जहां दुर्गा मंदिर प्रांगण के समीप स्वागत किया गया द्यइस पदयात्रा में भर चलता है मौला एवं फोटो दोनों ने बराबर हिस्सा लिया है। धार्मिक यात्रा को एकता और सौहार्द की यात्रा के रूप में देखा जा रहा है।



## भजन गायकों द्वारा संगीतमय दुर्गा जी की महा आरती

गोटेगांव। नवरात्रि के दुर्गा अष्टमी पावन अवसर पर श्रीधाम का राजा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भजन गायकों मैं नरसिंहपुर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध आकाशवाणी गायक पंडित संदीप तिवारी जी. साक्षी शर्मा जबलपुर. शिवानी पटेल नरसिंहपुर. द्वारा विशाल महा आरती 501 दीप से महा आरती का आयोजन किया गया देवी रूप सजा कर कन्याओं की आरती कर उन्हें समिति द्वारा उपहार भेंट किए गए इस महा आरती के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु भक्त नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही समिति के पुरोहित विद्वान श्री अनिरुद्ध कुमार उपाध्याय द्वारा विधि विधान के साथ मां दुर्गा जी की पूजन महा आरती का आयोजन किया जिसमें यजमान गीता शरण विश्वकर्मा. कमल पटेल . धन श्री विश्वकर्मा. मगन जैन द्वारा आरती कार्यक्रम कराया गया तत्पश्चात विशाल स्वादिष्ट आलू चना का भंडारा समिति द्वारा आयोजित किया गया समिति द्वारा शासन की सभी गाइडलाइन का पालन किया गया साथ ही सभी लोगों को मास्क भी वितरित समिति द्वारा किए गए।

## सुख सागर कॉलोनी में सजीव जीवंत माता दर्शन



जबलपुर। नवरात्र के पावन पर्व पर शहर में फैली विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ध्यान में रखते हुए कॉलोनी में ही छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा धार्मिक सनातन की परंपरा को बढ़ाते हुए सभी इष्ट देवों का रूप धरकर सुख सागर कॉलोनी महानद्दा रोड पर पहुंचे। इसमें नौ देवी श्री गणेश भोलेनाथ हनुमान जी नारद और अन्य भगवान के रूप में कालोनी वासियों को दर्शन दिए। इसमें देवी देवता बने बच्चों के नाम रानी जय सिंघानी ब्रह्मचारिणी देवी, आरती राजपूत अन्नपूर्णा देवी, सौम्या पाहुजा कुष्मांडा देवी ,तनवी पाहुजा नगर की सेठानी, प्रथम पाहुजा भोले बाबा ,हार्दिक पाहुजा नारद मुनि, प्रीत तेजवानी गणेश श्री गणेश जी, हार्दिक चेनानी श्री हनुमान जी, निशू ननकानी शैलपुत्री, देवी वर्तिका आसमानी चंद्रघंटा ,जनाया गुलाब बनी स्कंदमाता, गौरी तेजवानी महागौरी, लावण्या सोनी सिद्धिदात्री ,सानवी सचदेवा महालक्ष्मी, जीत आसमानी, विद यू बजाज आदि तेजवानी हार्दिक बुधवानी कुल 4 भैरव बाबा।

## गरबे का शानदार आयोजन



जबलपुर । नवरात्र के पावन पर्व के अवसर पर टेलेंट एंड म्यूजिक एकेडमी की संचालक रिंचा बत्तरा द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें मोनिका बिंद्रा, रितु डूडेजा, ज्योति बत्तरा वंदना बेन, सरिता का विशेष सहयोग रहा । इसमें लोगों ने बहुत ही बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हें बेस्ट सर बेस्ट मेकअप बेस्ट गरबा ईब, बेस्ट ज्वेलरी का पुरुस्कार प्रदान किया गया ।

## अनामिका दुर्गा समिति गोहलपुर में हवन पूजन

**जबलपुर।** अनामिका दुर्गा समिति गोहलपुर में हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव ,विजय सिंह यादव रोहित यादव राजेश यादव दीपक शर्मा टिम्मी रोहन सिंह यादव अरुण यादव विनय यादव मुरली दुबे बीडी कोटा गुड्डा कनौजिया रोशन कनौजिया रोशन सिंह यादव चंदन सिंह यादव एवं समस्त भक्तगण ने हवन पूजन कर मां भगवती से आशीर्वाद लिया आज शाम को विसर्जन जुलूस आधार ताल रवाना होगा।



## मां खेरमाई शक्ति मठ में किया गया हवन पूजन

**जबलपुर।** डॉ. राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड स्थित प्राचीन श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में महानवमी की खेरा पूजा की गई महानवमी के दिन आज मां सिद्धिदात्री मां खेरमाई का पूजन किया गया माता के पूजन से सभी विपत्तियों से छुटकारा मिलता है छोटी छोटी कन्याओं का मां दुर्गा के रूप में पूजन किया गया और कन्या भोज कराया गया कन्याओं का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस प्रकार महानवमी पर हवन पूजन किया गया।इस अवसर पर शैलेश सिंह लोधी, राकेश सिंह लोधी, निकुंज सिंह, विजय वर्मा, एड.संजय वर्मा, श्रीमती संगीता लोधी, ऋषिका कनौजिया, नित्या सिंह, कीर्ति सिंह, अमित वर्मा, प्रियांशु वर्मा, श्रीमती रेखा लोधी, आशु, निखिल, श्रीमती योगमाया लोधी, श्रीमती सरस्वती लोधी, विवेक ठाकुर, राघव ठाकुर, आदि बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।



राजुल सिटी नया वार्ड 74 मैं गरबा महोत्सव पर पुरस्कार वितरण करते हुए पूर्व सरपंच श्रीमती प्रभा यादव ।

## देवी के नौ रूपों की आराधना, महाआरती हवन और कन्या भोज के साथ समापन

अनूपपुर शारदीय नवरात्र के 9 दिनों तक मां दुर्गा देवी की नाम अलग-अलग रूपों की आराधना हुई नवरात्र के आखिरी दिन हवन पूजा और कन्या भोज के साथ समापन किया गयाद्य दुर्गा पंडालों में धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेद्य शाम को महा आरती करके मां दुर्गा देवी की आराधना की गईद्य दुर्गा उत्सव शहर सहित जिले में 9 दिनों तक मनाया गया इस दौरान श्रद्धालु देवी की आराधना में डूबे रहे अंतिम दिन 9 मई को शहर में दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईद्य मां कंकाली देवी अंतरा, मां ज्वालामुखी मंदिर धनपुरी, मां सिंह वाहिनी माता मंदिर भटिया, मरही माता मंदिर केशवाही सहित बुढार, ओरियंट पेपर मिल, गोहपारू, व्यवहारी सिंहपुर आदि स्थानों में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर माता रानी से आशीर्वाद मांगाद्य मंदिरों में देवी की पूजन के साथ जवारे रखे गएद्य शारदी नवरात्रि के नवमी पर्व पर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गयाद्य देवी मंदिरों में कतार बद्ध हो कर प्रसाद ग्रहण कियाद्य अनेक स्थानों में देवी जागरण का भी आयोजन किया गयाद्य शुक्रवार को दशहरे के पावन पर्व पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया गयाद्य

### रावण दहन कार्यक्रम संपन्न

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी पूरे जिले में मनाया गया एवं अनूपपुर जिला मुख्यालय विवेक नगर अमलाई संजय नगर आदि स्थानों में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य अमलाई स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका धनपुरी के सीएमओ रवि करण त्रिपाठी, सरपंच यादुराज पनिका, एनके रावत संदीप पुरी अमरजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डॉ रचना नागपाल को यूलर सर्टिफिकेट



जबलपुर। शहर की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रचना नागपाल ने युरोपियन एसोशिएशन् ऑफ रुमेटोलॉजी के वात रोग (गठिया) के उपचार से संबंधित 52 मॉड्यूल के गहन अध्ययन के उपरांत ऑन लाइन परीक्षा उत्तीर्ण की है और उन्हे इस उपलब्धि हेतु प्रतिष्ठित यूलर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।

## एचकेजी लिमिटेड ऊनती के मार्ग पर एचकेजी लिमिटेट बढा रहा है व्यापार में ग्रोथ के लिए अपने कदम

मुम्बई । भारत में तेजी से बढ़ती हुई बिजनेस समूह में से एक है। एचकेजी लिमिटेड सभी छोटे व्यापारियों को न सिर्फ एक साथ जोडता है बल्कि उनको हमारी वेब इंटरफेस और सेवाओं के जरिए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। एचकेजी का विजन वेब इंटरफेस से जुड़ी सेवाओं को छोटे व्यापारियों के लिए सहज उपलब्ध करवाना है। ताकि वे भी समय के साथ आगे बढ़ सके।

कंपनी ने ;एरिया ऑनलाइन को गूगल प्लेस्टोर पर लांच किया है और अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है।

एरिया ऑनलाइन एक ऐसा एप्लीकेशन हैए जो आपको स्थानीय स्तर पर मौजूद बेहतरीन सेवाओं को व्यापारियों और ग्राहकों से जु?ने का मौका देता है। श् ।तमं व्दसपदमश् ग्राहकों को उनकी मनपसंद सेवाओं और वस्तुओ को ढूंढने में सहायता करता है। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण संसाधन चुनने के लिए भी मौका देता है। यह सबकुछ रिव्यू के आधार पर उपलब्ध होता है। श् ।तमं व्दसपदमश् का सबसे महत्वपूर्ण फीचर यह है कि यह अपनी तय शुदा दूकान और सर्विसेज की पहचान पहले से ऑनलाइन इंटरनेट द्वारा पहचानने की सहयता करती है।

कंपनी ने राइट इशू के द्वारा इक्विटी शेयर जारी करने की भी योजना बनाई है। कंपनी की योजना है कि उसके शेयर्स जल्द से जल्द बीएसई के मेन बोर्ड में लिस्टेड होंगे ।

## थाईलैंड में बना अवध एसोसिएशन



### जय श्रीराम फॉउंडेशन के अंतर्गत होगा अवध एसोसिएशन

कोतमा। थाईलैंड में स्थापित जय श्रीराम फाउंडेशन ने गुरुवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी के शुभ अवसर पर अवध एसोसिएशन की आधारशिला रखी। जय श्री राम फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट के अंतर्गत अवध एसोसिएशन का एक विशेष पेज बनाया गया है जिसमें एसोसिएशन से संबंधित कार्यकलापों का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर जय श्री राम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि अवध फाउंडेशन के अंतर्गत दुनिया भर में रह रहे अवध वासियों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर सभी जाति, धर्म एवं सामाजिक घटकों के लोग इसके सदस्य बन पाएंगे और इस से लाभान्वित होंगे। अवध फाउंडेशन के अंतर्गत दुनिया भर से जुड़े अवध वासी कई तरह के सामाजिक उत्थान के क्रियाकलापों को संचालित करेंगे जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का संकल्प जय श्री राम फाउंडेशन ने लिया है। जय श्री राम फाउंडेशन द्वारा संकल्पित दो बड़े मंदिरों के निर्माण कार्यक्रम में भी अवध एसोसिएशन का प्रमुख योगदान रहेगा।

अवध एसोसिएशन के अंतर्गत भारत में रह रहे अवध वासियों और दुनियाभर में रह रहे अवध मूल के लोगों के बीच संपर्क और समन्वय भी स्थापित किया जाएगा। यह दुनिया में अवध वासियों का सबसे बड़ा और सबसे वृहद समूह होगा जिससे इसके भविष्य में होने वाले सभी कार्यकलापों को बल मिलेगा।

पवन मिश्रा ने एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए बताया कि भगवान श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप के अंतर्गत जो सामाजिक उत्थान की कार्यप्रणाली विकसित हुई थी, जिसे रामराज्य भी कहा गया, वैसी व्यवस्था जिसमें समाज के हर वर्ग को जीने का और साथ ही साथ प्रसन्न रहने का भी अवसर प्राप्त हो, ऐसी एक सामाजिक संरचना का उद्देश्य लेकर अवध एसोसिएशन का निर्माण हुआ है। थाईलैंड के जाने-माने समाजसेवी थेवन तिवारी इस एसोसिएशन में मुख्य भूमिका में होंगे। पवन मिश्रा अवध एसोसिएशन के फाउंडर प्रेसिडेंट होंगे। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता विनोद हांडा जो एसोसिशन के फाउंडर मेंबर भी हैं, प्रमुख कार्यकारी सदस्य होंगे। साथ ही साथ अवध एसोसिएशन के क्रियाकलापों में अशोक मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी राजबुरी से ज़म्मी मिश्रा इसके साथ ही समाज के कई गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोगों को कार्यकारी समिति में जो?ा जाएगा।

गुरुवारको अवध एसोसिएशन के शिलान्यास के अवसर पर एक डोनेशन कार्यक्रम भी चलाया गया जिसमें जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन, स्वास्थ्य और सामान्य जीवन से संबंधित आवश्यक वस्तुएं दान की गई। अवध एसोसिएशन के अन्य संभागों और अधिकारियों की सूची शीघ्र ही प्रसारित की जाएगी। उद्घाटन समारोह के साथ ही वर्तमान कार्यकर्तो एवं अधिकारियों ने पूरे उत्साह से एसोसिएशन के अंतर्गत अगले कार्यक्रमों की योजना पर कार्य करना शुरू कर दिया है। उक्त सूचना ज़म्मी मिश्रा द्वारा दी गई।

## यादि जानकारी आती है तो कार्यवाही की जायेगी -थाना प्रभारी, ठेमी

**गोटेगांव।** तहसील मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम करकबेल के अंतर्गत थाना ठेमी में इन दिनों सामाजिक कुरीतियां जैसे सट्टा, जुआं, एवं अवैध मादक पदार्थो के लिये लोकप्रिय हो रहा है तो वही सट्टे की पट्टी काटी जा रही है दिन दहाडे उक्त खेल को अंजाम दिया जा रहा है ऐसा नही है कि पुलिस को जानकारी नहीं है परंतु कार्यवाही ना होना करकबेल एवं आसपास के गांव में जनचर्चा का विषय बना हुआ है यह करकबेल ग्राम जो म..प्र., जिला नरसिंहपुर, तहसील गोटेगांव में आता है जिसके थाना प्रभारी शंकर लाल झारिया का कहना और मानना है कि कोई इन्हें जानकारी दे कि थाना ठेमी के अंतगत आने वाले ग्रामों में किसी भी तरह की आसामाजिक गतिविधियाँ किसी भी अपराधी या कोई दबंग के तहत नही की जा रही है ?ऐसा बेतुका बयान शायद हो कोई पुलिस का अधिकारी कर सकता है।जिसे उक्त बातों का पता ना हो।

विगत दिनों 14/10/2021 दिन गुरुवार में प्रकाशित एक अखबार में आनलाइन सट्टा जुआँ आदि आसामाजिक गतिविधियाँ करकबेल क्षेत्र के असंख्य ग्रामो में सट्टेबाजी की भरमार है ?समाज इस बुराई के चलते दूषित हो रहा है। आम लोगों द्वारा शासन प्रशासन से क्या अपेक्षाएं रहती हैं तो थाना प्रभारी महोदय खूब अच्छी तरह जानते हैं कि पुलिस प्रशासन का दायित्व है कि समाज में कोई भी गैर कानूनी काम का होना या संचालित होना अपराध की श्रेणी में आता है

इतनी हिम्मत तो किसी भी नागरिक में अब नहीं है कि वह पुलिस प्रशासन को यह जानकारी दे कि फलः फलः अपराध समाज में फलः आमुख व्यक्तियों द्वारा किया जा है ?क्योंकि इस तरह की जानकारी देने वाले से पुलिस प्रशासन अपने ही सवाल जवाब में उलझा लेती है ?

अतः ÷कौन आफत मोल ले ?÷ यह कहावत सिद्ध होती है ।अब देखना यह होगा कि इन अवैध धंधों पर पुलिस क्या कार्यवाही करती है जिसकी करकबेल एवं आसपास की जनता प्रतीक्षा कर रही है।

## आरसीसीपीएल ने नवरात्रि उत्सव में आयोजित किया भव्य गरबा

मैहर। एमपी बिरला सीमेंट की मैहर इकाई ने 10 से 14 अक्टूबर 2021 तक मैहर में पारंपरिक गरबा, डांडिया और गुजराती संगीत के साथ नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव आयोजित किया है। जिसमें यूनिट के सभी सदस्य अपने परिवारों के साथ शामिल हो रहे हैं।मैहर इंटीग्रेटेड सीमेंट यूनिट के कर्मचारियों और कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों के सहयोग से आयोजित महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर श्री उत्तम कुमार राय, यूनिट प्रमुख, मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर 25 से अधिक प्रतिभागियों ने कटनी के पास आयोजन स्थल पर गरबा किया, जिसमें 350 से अधिक लोगों ने नवरात्रि के अवसर पर उत्सव का आनंद लिया। संयोग से, मैहर में ही मां के शक्तिपीठ के साथ मैहर शारदा देवी मंदिर भी है, जिसमें सदियों से भक्तों की आस्था बनी हुई है। प्रतिभागियों ने भक्ति संगीत के साथ रंगारंग पारंपरिक 'चनिया चोली' और 'साड़ियां' पहनकर डांडिया और गरबा किया। पारंपरिक गरबा नृत्य शाम के दौरान दशहरा पर्व तक निरंतर आयोजित किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि के रूप में भी जाना जाता है, यह अवसर देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय का प्रतीक है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नवरात्रि उत्सव में गरबा का जोश लगातार बढ़ता जा रहा है और अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं।




## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारों के इस मौसम में ज्यादा खुशी लाने के लिए नया लीजेन्डर 4.4 रूपांतर पेश किया

बैंगलोर। हमेशा बेहतर कारेंश्बनाने के टोयोटा के दर्शन के क्रम मेंए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएमद्ध ने आज अपने बेहद सफल एसयूवी लीजेन्डर का एक नया4.4 रूपांतर पेश किया। लीजेन्डर को सबसे पहले जनवरी 2021 में 4.2 डीजल रूपांतर में नए टोयोटा फॉरच्यूनर के साथ पेश किया गया था। प्रदर्शन के उत्साहियों के साथ.साथ लक्जरी एसयूवी तलाशने वालों के लिए लीजेन्डरश्पावर्ड इन स्टाइलश् की अनूठी स्थिति में है। इसके निर्भीक अनुपात जीवन में अलग करने वाले पहलू लाते हैं जो इसे कूल और भविष्य उन्मुख बनाते हैं। कोने पर लिपटे हुए कैटामारन एलीमेन्ट्स एक मजबूत वर्टिकल प्रोमिनेंस तैयार करते हैं और विस्तृत उपस्थिति सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावाए खासतौर से डिजाइन किए गए हेडलैम्प में वाटरफॉल एलईडी लाइन गाइड सिग्नेचर के साथ स्प्लिट क्वैड एलईडी होते हैं जो सर्वश्रेष्ठ ब्राइटनेट सुनिश्चित करते हैं। एसयूवी की तेज नाक आगे बढ़ने के लिए गति तैयार करती है ताकि स्लीक और कूल थीम के साथ विशिष्टता की एक भावना का विकास हो और यह एक्सटीरियर खासियतों के साथ हो जैसे कैटामारन स्टाइलफ्रंट और रीयर बंपर्स शार्प एंड स्लीकर फ्रंट ग्रिल पियानो ब्लैक ऐसेन्ट्सए सीक्वेंशियल टर्न इंडीकेटर्स और 18 ईंच मल्टी लेयर्ड मशीन कटफिनिश्ड अलॉयज के साथ।अंदर की तरफ खासियतों में डुअल टोन ;ब्लैक्मरूनद्ध इंटीरियर थीमए स्टीयरिंग व्हील और कंसोल बॉक्स के लिए कनट्रास्ट स्टिचिंग इंटीरियर एंबीयंट इल्युमिनेशन ;इंस्ट्रूमेंट पैनल फ्रंट डोर ट्रिमए फ्रंट फुट.वेल एरियाजद्ध और रीयर यूएसबी पोर्ट्स ।

# अब टी20 वर्ल्ड कप के रोमांच के लिए हो जाइए तैयार

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन का शुक्रवार 15 अक्टूबर को रोमांचक मुकाबले के साथ समापन हुआ। चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को हराकर चौथी बार खिताब पर कब्जा जमाया। टी20 को इस रोमांचक टूर्नामेंट के खत्म होने के तुरंत बाद ही आइसीसी टी20 विश्व कप का शुरुआत होने जा रही है। बीसीसीआइ की मेजबानी में 17 अक्टूबर के 14 नवंबर के बीच टूर्नामेंट का आयोजन यूएई और ओमान में होना है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।भारत की घरेलू टी20 लीग के बाद अब इंटरनेशनल टूर्नामेंट की बारी है। साल 2016 के बाद आइसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन एक बार फिर से होने जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद बीसीसीआई इसकी मेजबानी करने का तैयार है। कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट को भारत की जगह यूएई और ओमान में कराए जाने का फैसला लिया गया है। इस टूर्नामेंट में मुख्य 12 टीमों के बीच टक्कर होने वाली है। इससे पहले क्वालीफायर मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें चार टीमों के टूर्नामेंट में खेलने पर फैसला होगा। क्वालीफायर के लिए ग्रुप ए और ग्रुब बी बनाए गए हैं। पहले ग्रुप में आयरलैंड, नामीबिया, नीदरलैंड्स और श्रीलंका को रखा गया है। जबकि दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, ओमान, न्यू पपुआ गिनिया और स्काटलैंड है। टूर्नामेंट की प्रमुख 12 टीमों को ग्रुप 1 और ग्रुप 2 में बांटा गया है। पहले ग्रुप में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज के अलावा दो क्वालीफायर टीमें होंगी। इसी तरह से दूसरे ग्रुप में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड के साथ दो क्वालीफायर टीमें होंगी।

भारतीय टीम का कार्यक्रम

भारतीय टीम टूर्नामेंट में उतरने से पहले 18 अक्टूबर को इंग्लैंड के साथ और फिर 20 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के साथ वार्म अप मैच खेलेगी। भारत को विश्व का पहला मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को खेलना है। 31 अक्टूबर को टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 3 नवंबर को अफगानिस्तान के साथ भारत का मैच होगा। 5 और 8 नवंबर को भारतीय टीम टूर्नामेंट में क्वालीफायर मैच जीतकर जगह बनाने वाली टीम के साथ खेलेगी।

**भारत को विश्व का पहला मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को खेलना है। 31 अक्टूबर को टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 3 नवंबर को अफगानिस्तान के साथ भारत का मैच होगा।**



## टीम इंडिया का पूरा कार्यक्रम



# IPL 2021 का टाइटल जीतने के बाद CSK को ईनाम के तौर पर मिले करोड़ रुपये, केकेआर को मिले 12.5 करोड़

## मैच में जीत के बाद धौनी ने कहा कि सच तो ये है कि इस साल खिताब जीतने की हकदार केकेआर थी



**धौनी की कप्तानी में केकेआर को हराते ही सीएसके इस साल की चैंपियन बन गई साथ ही साथ चौथी बार खिताबी जीत हासिल करने का गौरव भी प्राप्त किया। अब सीएसके सिर्फ मुंबई से ही पीछे है जो पांच बार टाइटल जीत चुकी है।**




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया और इस मुकाबले में एम एस धौनी की कप्तानी में केकेआर की तीसरी बार खिताबी जीत का सपना टूट गया। इस मैच में केकेआर के दोनों ओपनर बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल जैसे ही आउट हुए मैच पूरी तरह से एकतरफा नजर आने लगा और अंत में केकेआर ने हथियार डाल दिए। इस पूरे सीजन में केकेआर की परेशानी मध्य और निचले क्रम के लगातार फेल हो रहे बल्लेबाज थे और फाइनल में भी वहीं नजारा देखने को मिला। धौनी की कप्तानी में केकेआर को हराते ही सीएसके इस साल की चैंपियन बन गई साथ ही साथ चौथी बार खिताबी जीत हासिल करने का गौरव भी प्राप्त किया। अब सीएसके सिर्फ मुंबई से ही पीछे है जो पांच बार टाइटल जीत चुकी है। सीएसके की तरफ से पहली पारी में बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की खास तौर पर डुप्लेसिस की पारी दमदार रही तो वहीं बाद में गेंदबाजों ने अपनी टीम को मैच में वापसी करवाई। शार्दुल ठाकुर ने अहम मौकों पर विकेट लेकर सीएसके की तरफ मैच का रुख मोड़ दिया। धौनी बेशक अब 40 के पार हो चुके हैं, लेकिन उनकी कप्तानी का जादू अभी भी सिर चढ़कर बोल रहा है। केकेआर को हराकर खिताबी जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स को ईनाम के तौर पर 20 करोड़ रुपये दिए गए तो वहीं उप-विजेता रही केकेआर को भी 12.5 करोड़ रुपये की राशि दी गई। इस मैच में जीत के बाद धौनी ने कहा कि सच तो ये है कि इस साल खिताब जीतने की हकदार केकेआर थी। केकेआर ने जिस तरह से नीचे से उठते हुए फाइनल तक का सफर तय किया वो अपने-आप में काबिलेतारीफ है। उन्होंने अपनी टीम की भी तारीफ की और कहा कि इसमें कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं और इनके बिना ये जीत संभव नहीं थी।



# किस्सा- 'मैंने प्यार किया'

## में भाग्यश्री ने सलमान खान को दूर रहने की दी थी चेतावनी

बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसी कई अनगिनत फिल्में हैं, जो अपनी दमदार कहानी और कलाकारों के लाजवाब काम की वजह से फैंस के दिलों में एक खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इस लिस्ट में फिल्म 'मैंने प्यार किया' का नाम भी शामिल है। सूरज बड़जात्या की ये फिल्म साल 1989 में रिलीज हुई थी, जिसमें सलमान खान और भाग्यश्री की खूबसूरत लव स्टोरी देखने को मिली थी। इस फिल्म ने सलमान खान और भाग्यश्री की किस्मत को बदल कर रख दिया था। फैंस को फिल्म काफी ज्यादा पसंद आई थी, जिस वजह से दोनों ही कलाकार रातों-रात स्टार बन गए थे। भाग्यश्री की ये पहली फिल्म थी और अपनी पहली फिल्म के बाद ही उन्होंने बॉलीवुड को अलविदा कह दिया था। हालांकि, वह अब सालों बाद कमबैक कर चुकी हैं, लेकिन अपने इंटरव्यूज में



भाग्यश्री अक्सर अपनी पहली फिल्म से जुड़े किस्से शेयर करती रहती हैं। अपने एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया था कि, उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान खान को खुद से दूर रहने की चेतावनी दी थी।

दरअसल, भाग्यश्री ने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' को एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म 'मैंने प्यार किया' से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। इस इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया था कि, उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान खान को खुद से दूर रहने की चेतावनी दी थी, क्योंकि वह अपनी और सलमान खान के रिलेशनशिप की कोई भी झूठी अफवाह नहीं चाहती थीं।

भाग्यश्री ने कहा था कि, मैं हिमालय को डेट कर रही थी और सलमान को इस बारे में फिल्म के गाने 'दिल दीवाना' के समय पता चल गया था। वह मेरे पीछे-पीछे आते थे और मेरे कान में गाना गाते थे। तब मैं उन्हें चेतावनी देती थी कि, लोग हमारे बारे में बात करना शुरू कर देंगे। तब वह आधे दिन तक मुझे परेशान करते रहे थे। इसके बाद उन्होंने मुझे बताया कि, उन्हें हिमालय के बारे में सब पता है। यहा तक कि, उन्होंने ही मुझे ये आइडिया दिया था कि, मैं हिमालय को फिल्म की लोकेशन पर बुलाऊं। वो दोनों काफी अच्छे से मिले थे।

भाग्यश्री ने अपनी डेब्यू फिल्म से ही लोगों के दिलों में खास जगह बना ली थी। लेकिन उन्होंने आगे काम ना करते हुए हिमालय दासानी से शादी कर ली थी। एक इंटरव्यू में जब भाग्यश्री से पूछा गया था कि, क्या उनके लिए फिल्मों को छोड़ना मुश्किल था या नहीं ? इस पर एक्ट्रेस ने बताया कि, हां भी और नहीं भी। कठिन कदम था, क्योंकि तब मुझे एहसास हो गया था कि, मुझे एक्टिंग में मजा आता है।

इसके आगे भाग्यश्री ने कहा था कि, मेरे लिए वो ऐसा समय था, जब मैं सोच रही थी कि, काश मेरे पास दोनों चीजों को अच्छी तरह मैनेज करने का कोई तरीका होता। लेकिन नहीं, क्योंकि वह (अभिमन्यु) अभी-अभी हुआ था। मेरा पूरा ध्यान उसी में था। उस समय, यह एक कठिन विकल्प नहीं था। मैं बस उसके साथ समय बिताना चाहती थी।



# साउथ एक्ट्रेस खुशबू सुंदर ने घटाया 15 किलो वजन

## बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस हुए हैरान



साउथ एक्ट्रेस खुशबू सुंदर अपनी एक्टिंग से अलग पहचान बना चुकी है। वह राजनीति में भी उतर चुकी हैं। अभिनेत्री होने के साथ खुशबू फिल्म प्रोड्यूसर और टीवी होस्ट भी है। हाल ही में वह अपने ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर सुर्खियों में आ गई है। दरअसल खुशबू सुंदर ने 15 किलो वजन कम किया है। जिससे उनका लुक काफी बदल गया है। इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी है। खुशबू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो फोटो शेयर की है। जिसमें एक तस्वीर उनके पहले की है। वहीं दूसरी वजन घटाने के बाद की है। इन दोनों फोटो में अभिनेत्री का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन दिखाई दे रहा है। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन लिखा कि तब और अब। 15 किलोग्राम के कम होने के अलावा कुछ खास बदलाव नहीं आया है। इससे पहले भी खुशबू सुंदर ने ट्विटर पर अपनी कुछ फोटोज पोस्ट की थीं। जिसमें उनका नया लुक काफी शानदार लग रहा था। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक जमसूट पहने दिखाई दीं। उन्होंने लिखा कि जब आपकी मेहनत का आपको फल मिले, खुशी का जिक्र नहीं किया जा सकता। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय मेरा वजन 93 किलो था। अब वर्कआउट कर 79 किलोग्राम है। मैं आगे दस किलो ओर कम करना चाहती हूं। खुशबू ने बताया कि वजन कम करने में योगा और वर्कआउट से मदद मिली। उन्होंने कहा, %मैं रोजाना दो घंटे एक्सरसाइज करती हूं और डाइट भी कंट्रोल में थी।



चाकचौबंद इंतजामों के बीच गूंज रहे माता के जयकारे

# मां विसर्जन को चली

**जबलपुर,यशभारत।** विजयदशमी मनाने के साथ ही शहरवसियों ने मातारानी को विदाई दी। झांकी पंडालों पर पूजन व महाआरती करके दुर्गाजी की प्रतिमाओं को लोडिंग वाहनों में रखा जा रहा है। आज सुबह से ही ढोल धमाकों के बीच मातारानी को विदाई दी जा रही हैं। कोरोना के कारण इस बार झांकियों का चल समारोह नहीं निकला। कम लोगों की मौजूदगी में मातारानी को विसर्जन के लिए ले जाया रहा है। मां दुर्गा- काली की प्रतिमाएं स्थापित करने वाली समितियों ने नम आंखों से गाजे- बाजे के साथ मां को विदाई दे रहे हैं। ग्वारीघाट भटौली कुंड में सुबह से देवी प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजन अर्चन कर विसर्जन किया जा रहा है। वहीं तिलवारा स्थित विसर्जन कुंड में भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। भटौली विसर्जन कुंड में छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम ने पूरी तैयारी कर रखी है। प्रतिमाओं को बड़ी क्रेन से उठाकर विसर्जन किया जा रहा है। वहीं छोटी व मध्यम देवी प्रतिमाओं के लिए मोटर बोट व नाव भी लगाई गई है। नगर निगम के रामपुर जोन के जोन अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा सहित पूरी टीम व्यवस्थाओं में लगी हुई है। जोन अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि भटौली कुंड में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मोटर बोट के अलावा प्रशिक्षण प्राप्त गोताखोर, होमगार्ड के जवान व पुलिस बल की तैनाती कराई गई है। **फोटो- अशोक बर्मन**



# 10 सहायक आबकारी आयुक्त निकला चोर
# साथियों के साथ सिवनी ज्वेलर्स के घर पर चोरी

## एसपी ने पूछा कि सरकारी ड्यूटी में होने के बावजूद तुम्हें चोरी करने की क्या जरूरत पड़ गई

**जबलपुर।** जबलपुर में सहायक आबकारी अधिकारी ने 10 चोरों के साथ मिलकर सिवनी में ज्वेलर्स के घर चोरी की थी। चोरी का माल सरकारी बोलेरो में रखकर वह जबलपुर ले गया और एक व्यापारी को बेच दिया। पुलिस ने एक चोर को पकड़ा तो पूरा मामला सामने आया। पुलिस ने अफसर, एक पूर्व सैनिक समेत आठ लोगों को इस मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया है। दो चोर और जेवर खरीदने वाला व्यापारी फरार है। आरोपी सहायक आबकारी अधिकारी राजेश चौधरी जबलपुर आबकारी डिपो का प्रभारी है। चौधरी पूरी चोरी का मास्टरमाइंड है। सिवनी के बंडोल पुलिस के मुताबिक, 8 अक्टूबर की रात सर्राफा व्यापारी अशोक साहू के घर लाखों रुपए के आभूषण और नकदी की चोरी हुई थी। व्यापारी ने 4 लाख 49 हजार रुपए समेत 780 ग्राम सोने के जेवर की चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। राजेश चौधरी और अमित सिकरवार को डूंडा सिवनी निवासी राधेश्याम टेम्भरे ने व्यापारी के पास लाखों के जेवरात और नगदी की जानकारी दी थी। इसके बाद तीनों ने मिलकर डिंडौरी जिले के शहपुरा के भीमपार गांव निवासी धर्मेंद्र सैयाम से संपर्क किया और साथ में मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। धर्मेंद्र सैयाम पर पहले से चोरी के कई मामले दर्ज हैं। कुछ साल तक धर्मेंद्र जेल में भी रहा है।

### जबलपुर के व्यापारी ने खरीदा था माल

इन शातिर चोरों से जबलपुर के सर्राफा व्यापारी गोलू सराफ ने चोरी का माल खरीदा था, जो किसी विधायक का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



### 27 लाख 55 हजार किए गए जब्त

सिवनी पुलिस ने करीब 27 लाख 55 हजार रुपए और कुछ जेवर बरामद किए हैं, जबकि फरियादी अशोक साहू ने 4 लाख 49 हजार रुपए नकद चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि कहीं और भी चोरी इन लोगों ने तो नहीं की है।

### ढाई घंटे में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

लाखों की इस चोरी को लेकर कई तथ्य सामने आ रहे हैं। थाना प्रभारी पंचम देशमुख के मुताबिक चोरों ने बखारी में शटर तोड़कर लगभग ढाई घंटे में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस सारे मामले में दिलचस्प बात यह रही कि जिस मकान में ढाई घंटे तक चोरी होती रही, वहां पूरा परिवार सो रहा था, लेकिन किसी की नींद नहीं खुली। बताया जा रहा है कि चोरों ने कुछ नशीले स्प्रे का उपयोग किया था, जिसकी वजह से परिवार के किसी सदस्य की नींद नहीं खुली।

### 2 लाख के लालच में पकड़ा गया मुख्य आरोपी

पुलिस के अनुसार, डिंडोरी का शातिर चोर धर्मेंद्र सैयाम चोरी करने के लिए अकेला शटर तोड़कर मकान में घुसा था, जबकि सहायक आबकारी अधिकारी राजेश चौधरी सहित अन्य लोग मकान के बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। इस दौरान धर्मेंद्र ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद लगभग दो लाख रुपए घर के पीछे बने एक खेत में छुपा दिए थे।वारदात के दूसरे दिन धर्मेंद्र दोबारा इन्हीं पैसों के लिए बखारी गांव पहुंचा था, तभी कुछ लोगों ने पुलिस के द्वारा दिखाए गए सीसीटीवी फुटेज के चलते धर्मेंद्र को पहचान लिया। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने वैनगंगा नदी के पास बस को रुकवा कर धर्मेंद्र को धर दबोचा। इसके बाद धर्मेंद्र ने पुलिस के सामने पूरी कहानी खोल कर रख दी।

### जवाब नहीं दे पाए चोर अफसर

मामले में सहायक आबकारी अधिकारी राजेश चौधरी से पुलिस लगातार पूछताछ करती रही, लेकिन वह पुलिस के सामने कोई भी ठोस जवाब नहीं दे पाया। एसपी कुमार प्रतीक के अनुसार, पुलिस ने जब आबकारी अधिकारी से पूछा कि सरकारी ड्यूटी में होने के बावजूद तुम्हें चोरी करने की क्या जरूरत पड़ गई तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने चोरी के मामले में कुल 12 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। इसमें से तीन आरोपित फरार हैं। चोरी जेवर खरीदने वाले जबलपुर के फरार सराफा व्यापारी की तलाश की जा रही है। उसे भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने चोरों से अभी तक 27.55 लाख रुपए की नकद राशि जब्त की है। इसके अलावा तीन फोर व्हीलर और 7 मोबाइल हैंडसेट जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि अन्य चोरी की वारदातों का पता लगाया जा सके।

## जबलपुर पुलिस ने जिला उमरिया के शातिर चोर को दबोचा
# गुरंदी में बेचने खड़ा था चोरी की बाईक

**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग पुलिस ने चंदिया जिला उमरिया से चुराई हुई बाइक के साथ एक शातिर चोर को दबोचा लिया है। आरोपी चोरी की बाइक गुरंदी में कबाड़ियों के यहां बेचने पहुंचा था। तभी पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बिना नंबर की बाइक लिए गुरंदी बाजार में खड़ा है। वह सस्ते में बाइक बेचने की बात कर रहा है। इस सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान पीपरहा मोहल्ला बजरंग द्वार चंदिया जिला उमरिया निवासी भोला उर्फ मोहन कुशवाहा के रूप में हुई।

### उमरिया में 10 अक्टूबर को चुराई थी

जानकारी अनुसार आरोपी को थाने लाकर बाइक के दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। पहले वह बाइक को लेकर अलग-अलग बातें करता रहा। सख्ती से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि 10 अक्टूबर को इसे चंदिया उमरिया में चुराया था। पुलिस ने बाइक जब्त करते हुए उमरिया पुलिस को खबर कर दी है।

# प्रताड़ना से तंग आकर झूल गया था फांसी पर ,सभी आरोपी मौके से फरार

## दवा दुकानदार की मौत मामले में 6 पर एफआईआर

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में दवा दुकानदार की मौत के मामले में पुलिस ने 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि दुकान खाली कराने के लिए करीब दो साल से मारपीट और प्रताड़ित किए जाने सौरव साहू ने आत्महत्या कर ली थी। रांझी पुलिस ने मामले में मृतक के सुसाइड नोट, मौत पूर्व के वीडियो और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मृतक के चाचा, एक महिला सहित 6 लोगों को आरोपी बनाया है। सभी आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। रांझी टीआई विजय सिंह परस्ते के मुताबिक 12 अक्टूबर की रात 10.30 बजे के लगभग आशीर्वाद बारात घर के पास रहने वाले सौरव साहू ने पंखे में रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। इसकी सूचना उसके छोटे भाई गौरव ने पुलिस को दी थी। साथ ही ये भी बताया था कि सुसाइड से पहले उसके भाई का रांझी स्थित डेंटल क्लीनिक चलाने वाले डॉ. तरनजीत सिंह गुजराल और उनके साथियों से विवाद हुआ था।

### जेब में मिला था सुसाइड नोट

टीआई के मुताबिक लोवर के दाहिने जेब में



एफ एसएल टीम की मौजूदगी में एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें सौरव ने लिखा है कि पिछले दो साल से दुकान मालिक उसके चाचा ऋ षि साहू और किराएदार डॉ. तरनजीत सिंह गुजराल द्वारा दुकान खाली कराने के लिये प्रताड़ित किया जा रहा था। 12 अक्टूबर को वह जब दुकान में बैठा था, तभी डॉ. तरनजीत गुजराल, काके गूमर, तेजिन्दर सिंह लाम्बा, ऋषि साहू की लड़की ऋषिता साहू अपने साथियों के साथ पहुंचे और उसे गाली देते हुए दुकान से खींच कर बाहर निकाल कर मारपीट की।

### दुकान को लेकर था पूरा विवाद

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि पूरा विवाद दुकान को लेकर था। सौरव अपने चाचा ऋषि साहू की दुकान में 15 वर्षों से मेडिकल दुकान चला रहा था। उसके बगल में ही डॉ . तरनजीत सिंह की डेंटल क्लीनिक है। दुकान मालिक ऋषि साहू की बेटी डॉ. ऋर्षिता साहू भी डेंटिस्ट है और इसी क्लीनिक में प्रेक्टिस करती है। डॉ तरनजीत सिंह का सौरव साहू से 2 वर्षों से विवाद चल रहा था। दरअसल मृतक की मेडिकल की दुकान की जगह डॉ. तरनजीत सिंह खुद का मेडिकल स्टोर खोलना चाहता था। इस कारण सौरव को दुकान खाली करने के लिए प्रताड़ित कर रहा था।

### व्यथित होकर किया सुसाइड

दुकान खाली करने के लिए प्रताड़ित और 12 अक्टूबर को की गई मारपीट से व्यथित होकर ही सौरव ने सुसाइड किया है। रांझी पुलिस ने सुसाइड नोट, सीसीटीवी फु टेज, मौत पूर्व के वीडियो के आधार पर डॉ. तरनजीत सिंह गुजराल, ऋषि साहू, काके गूमर, तेजिन्दर सिंह लाम्बा, डॉ. ऋषिता साहू, उदीप रील के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट, धमकी और आत्महत्या के लिए मजूर करने का प्रकरण दर्ज किया है। सभी आरोपियों की तलाश जारी है।

## एसपी ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया भ्रमण



# पुलिस कर्मियों को दी बधाई, बोले- कुछ दिन सतर्कता से काम करें सभी

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा थाना पनागर, गोसलपुर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सिहोरा पहुंचे, सिहोरा में आपने बाबाताल मंदिर, आजाद चौक में लगाई गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर व्यवस्था में लगे अधिकारियों / कर्मचारियों से चर्चा कर सभी को अच्छी ड्यूटी के लिए बधाई देते हुए सभी का मनोबल बढ़ाया एवं कहा कि आप सभी बहुत ही अच्छी तरह से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं मां दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन होना प्रारंभ हो गया है साथ ही 19 अक्टूबर को ईद मिलाद उन-नबी का पर्व है जिसे ध्यान में रखते हुए अगले 4-5 दिन आप सभी को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। आजाद चौक में दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने क्षेत्र में दुर्गोत्सव पर्व के दौरान चाक-चौबंद अच्छी व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक का फूल माला से एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल, सडीओपी सिहोरा कीति सोमवंशी एवं संबंधित थाना प्रभारी मौजूद थे।

## पनागर में दारु के साथ युवक पी गया जहर

## नशा इतना चढ़ा कि ऑक्सीजन लगवाने नहीं हुआ तैयार

### मेडिकल अस्पताल में तोड़ दिया दम

जबलपुर, यशभारत। पनागर के उमरिया चौबे गांव में शराबी युवक नशे की लत में यह भूल गया कि वह दारु के साथ जहर पी रहा है। युवक के परिनज उस वक्त परेशान हो गए जब उसे इलाज के लिए 108 ऐम्बुलेंस से मेडिकल ले जाया जा रहा था तो वह बार-बार ऑक्सीजन की नली को अलग कर रहा था। मेडिकल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। जानकारी अनुसार परम सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया चौबे पनागर ने पुलिस को बताया कि भनेज अरविंद ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी उमरिया चैबे का जहरीली वस्तु का सेवन कर नहर के पास पड़ा था जिसे गॉव के लडके उठाकर पनागर अस्पताल लाये थे, पनागर अस्पताल से रिफ र करने पर अरविंद को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहॉ उपचार के दौरान अरविंद ठाकुर को सटक डाली जा रही थी जो बार-बार निकाल कर फेंक रहा था, मेडिकल से प्राईवेट अस्पताल में ले जाते समय आज सुबह 4 बजे भनेज अरविंद की मौत हो गयी है। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किए 7 नये डीपीएसयू

## ऑनलाइन समारोह में शामिल हुई शहर की चारों आयुध निर्माणियां

**जबलपुर यशभारत।** आत्मा निर्भर भारत की अवधारणा के तहत सरकार ने 220 वर्ष पुरानी आयुध निर्माणी का विघटन करते हुए 7 अलग अलग डिफेंस पीएसयू में परिवर्तित किया है। विजयादशमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सातों डिफेन्स पीएसयू को राष्ट्र को समर्पित किया। डी आर डी ओ भवन समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शस्त्र पूजन किया। देश की41आयुध निर्माणियों वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुआ ।इस मौके पर शहर की चारों आयुध निर्माणियों मे दिल्ली स्थित डी आर डी ओ भवन से आन लाइन वीडियो कांसफ्रेंसिग से जुड़ कर कार्यक्रम में शामिल हुई इस मौके पर सांसद राकेश सिंह और केंट विधायक अशोक रोहाणी जीसीएफ के कार्यक्रम में शामिल हुए इस मौके पर जीसीएफ प्रभारी वी वी पचनंदा के साथ श्रम कल्याण आयुक्त एम के दीक्षित ने उनकी आगवानी की।

जी आई एफ में आन लाइन समारोह में महाप्रबंधक अजय सिंह के साथ अधिकारीगण शस्त्र पूजन के बाद वी सी समारोह में शामिल हुए व्हीकल फैक्ट्री मे कार्यवाहक महाप्रबंधक राजेश कुमार अपर महाप्रबंधक गण प्रेमचन्द विकास पुरवार डी एन वर्मा ए के राय एस के गुंड जे पी सिंह मनोज कुमार मौर्या संयुक्त महाप्रबंधक के साथ श्रीमती शेफाली तिवारी श्रीमती श्वेता जौहरी कार्य प्रबंधक एवं शैलेंद्र सिंह कनिष्ठ कार्य प्रबंधक आदि अधिकारी शामिल रहे इसी तरह खमरिया मे भी अस्थायी प्रभारी अधिकारी एम सी गुप्ता के साथ सभी अधिकारी लोकार्पण के कार्यक्रम में वी सी के माध्यम जुड़े रहे। उल्लेखनीय है कि देशभर में स्थित 41 आयुध निर्माणियों को जिन 7 डिफेंस पीएसयू में बदला गया है। इसमें म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड, आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड, एडवांस्ड वीपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, ट्रुप कम्फर्ट्स लिमिटेड, यन्त्र इंडिया लिमिटेड, इंडिया ओप्टेल लिमिटेड तथा ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड शामिल है।





## सांसद राकेश सिंह और विधायक अशोक रोहिणी जीसीएफ पंहुचे

अब नये परिवेश में 21 वें साल के प्रवेश पर आप सभी को
दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
समदड़िया मॉल के समीप
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर
दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल,
कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी
रंग डिजाइन, किंग कम्बल,
रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
(दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

### श्री काशी प्रसाद तिवारी का निधन



**जबलपुर।** श्री काशी प्रसाद तिवारी का हृदय गति अवरुद्ध हो जाने के कारण 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर श्मशान घाट ने किया गया ।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा
बोल्ड चना | केला चिप्स
बोल्ड पीनट | मसाला चना
ड्राय मेल | चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )